दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। शुक्रवार 16 मई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 146 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने श्रीनगर एयरबेस पर जवानों से मुलाकात की



**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का पहला जम्मू-कश्मीर दौरा है। जहां उन्होंने सेना के अधिकारियों व जवानों से मुलाकात कर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए उनकी पीठ थपथपाई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बादामी बाग छावनी में जवानों से मुलाकात की और उनसे बातचीत की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं। रक्षा मंत्री श्रीनगर पहुंचे हैं। उनके साथ एलजी मनोज सिन्हा भी मौजूद हैं। उन्होंने सेना के अधिकारियों व जवानों से मुलाकात की। रक्षा मंत्री घाटी में सेना की कमान संभालने वाली चिनार कॉर्प्स के मुख्यालय पहुंचे हैं। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह राजनाथ सिंह का पहला जम्मू-कश्मीर दौरा है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचकर वायुसेना के जवानों से मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया था।

**दुश्मन उसे कभी भूल नहीं पायेगा: राजनाथ सिंह :** रक्षा मंत्री ने कहा, 'मैं आपकी उस ऊर्जा को महसूस करने आया हूं, जिसने दुश्मनों को नेस्तनाबूद कर दिया। आपने जिस तरीके से, सीमा के उस पार पाकिस्तान की चौकियों और बंकरों को धवस्त किया, दुश्मन उसे कभी भूल नहीं पायेगा। आमतौर पर लोग जोश में होश खो देते हैं। लेकिन आपने, जोश भी रखा, होश भी रखा और

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2

## अमेरिकी दूतावास के अधिकारी जोनाथन हेमर ने यशोदा मेडिसिटी का दौरा किया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यशोदा मेडिसिटी ने अमेरिकी दूतावास में वाणिज्यिक मामलों के मंत्री परामर्शदाता जोनाथन हेमर का अपने प्रमुख स्वास्थ्य सेवा केंद्र में स्वागत किया, जो जल्द ही जनता के लिए खुल जाएगा। हेमर ने अस्पताल का दौरा किया। नेतृत्व टीम के साथ बातचीत की और चिकित्सा पर्यटन और चिकित्सा आउटसोर्सिंग को बढ़ाने में संस्थान के प्रयासों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स की रीजनल डायरेक्टर कशिश त्यागी भी उपस्थित रहीं।





डॉ. पी.एन. अरोड़ा और डॉ. उपासना अरोड़ा के नेतृत्व में यशोदा मेडिसिटी ने विश्व स्तरीय चिकित्सा देखभाल चाहने वाले अंतरराष्ट्रीय रोगियों के लिए खुद को एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित किया है। 1,200 बिस्तरों वाले 8+ एकड़ में फैले इस अस्पताल में व्यापक मल्टी-स्पेशलिटी और क्वाटरनेरी केयर सेवाएँ उपलब्ध हैं, जो नैदानिक उत्कृष्टता को करुणामय देखभाल के साथ जोड़ती हैं।

यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. पी.एन. अरोड़ा ने कहा, हम हेमर की यात्रा से सम्मानित महसूस कर रहे हैं। यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स की प्रबंध निदेशक डॉ. उपासना अरोड़ा ने कहा, जोनाथन हेमर का हमारे यहाँ आना हमारे लिए सम्मान की बात है। स्वास्थ्य सेवा एक सार्वभौमिक आवश्यकता और जिम्मेदारी है।

## कर्नल सोफिया देश की बेटी हम उनके साथ : अतुल गर्ग

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ऑपरेशन सिंदूर में मुख्य कमान संभालने वाली कर्नल सोफिया को लेकर भाजपा के मंत्री ने टिप्पणी की। इस टिप्पणी पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया। इसके बाद पूरे देश में ये बहस का मुद्दा बना। कर्नल सोफिया कुरैशी भारतीय सेना में कर्नल हैं और उन्होंने एयर स्ट्राइक की कमान संभाली।





मंत्री की टिप्पणी को लेकर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी देश की बेटी हैं और जो कुछ कहा गया मुझे उसका दुख है। कर्नल सोफिया कुरैशी पूरे देश की बेटी होने के साथ-साथ हमारे देश की सेना की जांबाज सैनिक हैं। हम कर्नल सोफिया कुरैशी के साथ हैं, वो देश का गर्व हैं। मंत्री की टिप्पणी को लेकर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि मुझे यकीन नहीं होता कि एक जिम्मेदार मंत्री ऐसा कह सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे ऐसा लगता है कि कहीं कुछ गलतफहमी हुई है। बात को कहने में, सुनने में और समझने में कुछ ना कुछ मिस अंडरस्टेंडिंग है। मुझे लगता है कि भाजपा सरकार का कोई मंत्री ऐसा नहीं कहेगा और उन्होंने कहा कि यदि मंत्री ने कहा है तो मुझे इसका दुख है। देश की सेना का मनोबल हमेशा ऊंचा रहना चाहिए। हमारे देश की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन सिंदूर में देश का नाम रोशन किया है और दिखाया है कि भारत विरांगनाओं का देश है। कर्नल सोफिया कुरैशी हमारी जांबाज सैनिक हैं और हम कर्नल सोफिया कुरैशी के साथ हैं।

## राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने दी मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह को जन्मदिन की बधाई




















**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के पूर्व लोकसभा सांसद तथा मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह के जन्मदिन पर उन्हें भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने पत्र भेजकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान जनरल वीके सिंह ने अपना जन्मदिन कार्यक्रम स्थगित कर दिया था तथा उन्होंने 10 मई को अपना जन्मदिन गाजियाबाद में मनाने का ऐलान किया था, लेकिन जब भारत-पाकिस्तान पर तनाव बढ़ा और दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने आ गईं तो जनरल वीके सिंह ने अपने जन्मदिन का कार्यक्रम स्थगित कर दिया था। उनके जन्मदिन की शुभकामनाओं के लेटर पहले ही प्रेषित हो चुके थे। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जनरल वीके सिंह को जन्मदिन की बधाई का पत्र 7 मई को ही भेजा था। जिसमें उन्होंने जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा था कि ईश्वर आपको अच्छे स्वास्थ्य और खुशी प्रदान करे। आप राष्ट्र की सेवा में इसी तरह समर्पित रहें। वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 मई को ही बधाई पत्र भेजा था, जिसमें उन्होंने लिखा था कि आपका जन्मदिन 10 मई को है। मैं अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। एक जन्मदिन एक ऐसा स्पेशल पर्व होता है जब आप मानवीय-सामाजिक और राष्ट्रीय मूल्यों को प्रतिपादित करने का संकल्प लेते हैं। प्रधानमंत्री ने अपने पत्र में लिखा कि मैं आपके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिये प्रार्थना करता हूं। आप राष्ट्र की सेवा में समर्पित रहें। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने 10 मई को ही पत्र लिखा और लिखा कि आपके जन्मदिन के अवसर पर मेरी मंगल कामनाएं स्वीकार करें। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके वृहद अनुभव, कुशल मार्गदर्शन तथा अतुलनीय नेतृत्व से प्रदेश समृद्ध एवं सशक्त होगा। आपके स्वस्थ-समृद्ध और यशस्वी जीवन हेतु मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा कि मैं आपके स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की कामना करता हूं। मिजोरम राज्य के विकास के लिये आपका नेतृत्व एवं दृढ़ संकल्प अत्यंत सराहनीय है। आप लंबे समय तक समाज व देश की सेवा करते रहें, ईश्वर से यही कामना है।

## क्यों कहना पड़ा पूर्व मेयर अशु वर्मा को हर शाख पर उल्लू बैठा है

### - क्यों कहा कि लालच में सबका मुंह बंद है, सरकारी सिस्टम को लिया निशाने पर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व मेयर अशु वर्मा सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं। वो इन दिनों हिंदुत्व के एक नए फॉर्मेट में हैं। वो सावन में रोज मंदिर जाने की बात करते हैं। कई वीडिया ऐसे शेयर करते हैं, जिससे पता चलता है कि वो हिंदुत्व से जुड़े मामलों की कितनी केयर करते हैं। बीते दिनों उन्होंने पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को पत्र लिखा था, अवैध झुग्गियों का मामला उठाया था और उस पत्र के कई दिन बाद उन्होंने अब फेसबुक पर लिखा कि हर साख पर उल्लू बैठा है। पूर्व मेयर को आखिर ये लिखने की जरूरत क्योंकि महसूस हुई। वो साख का नाम किसे दे रहे हैं और उल्लू की संज्ञा किसे दे रहे हैं। फिलहाल उन्होंने लिखा कि देश के अनेक छोटे-बड़े शहरों में अवैध झुग्गियां पड़ी हैं, जिनमें घुसपैठिये-बांग्लादेशी और रोहिग्या भी रहते हैं। जिन्होंने फर्जी आधार कार्ड और वोटर कार्ड भी बनवा रखे हैं। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने लिखा कि क्या ये सब बिना हमारे भ्रष्ट तंत्र के संभव है? सरकारी जमीन पर झुग्गी बिना उगाही के रह सकती है क्या? जो किसान ठेकेदार को अपना खेत झुग्गी-झोपड़ी के लिये लेता है, क्या उसे पता नहीं कि इनमें रहने वाले कौन हैं? क्या



संबंधित पुलिस चौकी को पता नहीं इनमें कौन रह रहे हैं? पर पैसे के लालच में सब अंधे हैं और लालच में सबका मुंह बंद है। जहां से फर्जी आधार कार्ड-वोटर कार्ड बनाए जाते हैं, पैसों के लालच में वह भी देश के साथ गद्दारी करते हैं। कहा तो यह भी जाता है कि बॉर्डर पर भी अवैध घुसपैठ कराने का खेल चलता है। भट्टा मालिक, ठेकेदार और उद्योगपति सस्ते मजदूर की चाह में बांग्लोदशी और रोहिंग्याओं को काम पर रखते हैं। क्या यह देश के साथ गद्दारी नहीं है। व्यापारियों ने अपनी दुकान के आगे बांग्लादेशियों के ठिये लगवाए हुए हैं। पैसे के लालच में सबका ईमान बिक रहा है। सरकार को इस संबंध में बेहद सख्त कदम उठाने चाहिए।

## दूधेश्वरनाथ कॉरिडोर के साथ ही बनेगा मल्टीपरपज हॉल और श्रद्धालुओं को मिलेगी अन्य कई प्रमुख सुविधाएं

## विधायक संजीव शर्मा, जिलाधिकारी, नगर आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद के प्राचीन और प्रमुख मंदिरों में से एक दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पर बनने वाले भव्य कॉरिडोर की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। कॉरिडोर के निर्माण के लिए लगातार अधिकारी और शहर विधायक संजीव शर्मा से लेकर महंत नारायण गिरी अपडेट ले रहे हैं। गुरुवार को दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण और प्रगति रिपोर्ट जानने के लिए सदर विधायक संजीव शर्मा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, जीडीए सचिव राजेश सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने यहां का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान मल्टीपरपज हॉल की प्रगति और शटरिंग का कार्य व मंदिर के मुख्य द्वार पर पत्थर की दीवार बनने के निर्माण कार्य को देखा गया है। वहीं अधिकारियों ने बताया है कि उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा 553 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के कॉरिडोर को यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा कार्य किया जा रहा है।

**अधिकारियों ने महंत नारायण गिरी से भी की निर्माण कार्य को लेकर बातचीत**







### कॉरिडोर के साथ ही बनेगा श्रद्धालुओं के बैठने और प्रसाद वितरण का स्थान

करंट क्राइम : गुरुवार को मंदिर के निरीक्षण के दौरान प्रमुख अधिकारियों ने महंत नारायण गिरी और सदर विधायक संजीव शर्मा से मुलाकात की है। इस दौरान जानकारी दी गई है कि दूधेश्वरनाथ मंदिर में जो कॉरिडोर बनाया जा रहा है। इसके साथ ही यहां मंदिर के मुख्य द्वार और मार्ग का सौंदरीकरण होगा। वही मल्टीपरपज हॉल बनेगा, तो टॉयलेट के लिए भी अलग से ब्लॉक बनाया जा रहा है। भक्तों के बैठने के लिए श्रद्धालुओं के लिए बेंच लगाई जाएगी, तो लाइटिंग की व्यवस्था रहेगी। साथ ही प्रसाद वितरण स्थल का भी निर्माण किया जाएगा। निर्माण कार्य में लगे अधिकारियों का कहना है कि यहां गुणवत्ता और इस प्रोजेक्ट को समय रहते पूरा करने पर ध्यान दिया जा रहा है ताकि दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर को निर्माण के बाद यूपी पर्यटन के लिए भी विशेष बढ़ावा मिल सके।

### सदर विधायक संजीव शर्मा का रहा है कॉरिडोर को लेकर अहम रोल



करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी के गाजियाबाद सदर विधायक संजीव शर्मा ने जब चुनाव के लिए नामांकन किया था, तो उससे पहले से ही वह दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में कॉरिडोर के विषय को लेकर गंभीर हो गए थे। इसको लेकर लगातार उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों से भी यहां के कॉरिडोर को लेकर वातार्लाप किया था और पत्राचार किया। वह दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर को एक ऐतिहासिक पहचान का मंदिर होने की वजह से प्रदेश और देश में अलग पहचान दिलाने के लिए कॉरिडोर की मांग कर रहे थे, अब कॉरिडोर का काम शुरू हो चुका है। जिसमें आने वाली अडचनों को भी विभागीय अधिकारी लगातार दूर करने का काम कर रहे हैं ताकि इसका निर्माण जल्द हो सके।

### पर्यटन नक्शे पर भी दिखेगा दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर

करंट क्राइम : पर्यटन अधिकारी सुरेश रावत एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारी अभियंता जेके शर्मा ने जानकारी दी है कि पर्यटन विभाग द्वारा इस योजना को प्रमुखता के साथ करवाया जा रहा है। कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा यहां का पूरा निर्माण कराया जा रहा है। मंदिर को बेहद आधुनिक रूप से विकसित किया जाएगा। साथ ही इसके कॉरिडोर के जरिए नई पहचान दी जाएगी ताकि यह उत्तर प्रदेश पर्यटन के मैप पर भी नजर आना शुरू हो जाए। गुरुवार को इस निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान एडीएम सिटी गंभीर सिंह, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार, एसडीएम सदर अरुण दीक्षित, जिला सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह, जिला प्रशासन, जीडीए, नगर निगम, पर्यटन विभाग, निर्माण व रखरखाव की जिम्मेदारी रखने वाले पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# ‘मेरा कर्म ही मेरी विजय है, हमें भारतीय सेना पर गर्व’

## अब पाकिस्तान से सिर्फ आतंकवाद और पीओके पर बात होगी : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

### ‘जवानों ने होश भी रखा और जोश भी रखा’

**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का पहला जम्मू-कश्मीर दौरा है। जहां उन्होंने सेना के अधिकारियों व जवानों से मुलाकात कर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए उनकी पीठ थपथपाई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बादामी बाग छावनी में जवानों से मुलाकात की और उनसे बातचीत की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं। रक्षा मंत्री श्रीनगर पहुंचे हैं। उनके साथ एलजी मनोज सिन्हा भी मौजूद हैं। उन्होंने सेना के अधिकारियों व जवानों से मुलाकात की। रक्षा मंत्री घाटी में सेना की कमान संभालने वाली चिनार कॉर्प्स के मुख्यालय पहुंचे हैं। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह राजनाथ सिंह का पहला जम्मू-कश्मीर दौरा है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचकर वायुसेना के जवानों से मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया था।







## कोई भी आतंकी हमला अब युद्ध माना जाएगा- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

**दुश्मन उसे कभी भूल नहीं पायेगाः राजनाथ सिंह :** रक्षा मंत्री ने कहा, 'मैं आपकी उस ऊर्जा को महसूस करने आया हूं, जिसने दुश्मनों को नेस्तनाबूद कर दिया। आपने जिस तरीके से, सीमा के उस पार पाकिस्तान की चौकियों और बंकरों को धवस्त किया, दुश्मन उसे कभी भूल नहीं पायेगा। आमतौर पर लोग जोश में होश खो देते हैं। लेकिन आपने, जोश भी रखा, होश भी रखा और सूझबूझ के साथ दुश्मन के ठिकानों को बर्बाद किया है।'

### पाकिस्तान को सिंदूर मिटाने की भारी कीमत चुकानी पड़ीः रक्षा मंत्री

बादामी बाग छावनी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ₹इस विषम परिस्थिति में, आप सबके बीच आकर, आज मैं, बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। हमारे प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में, ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण के दौरान आपने जो कुछ किया, उसने पूरे देश को गर्व से भर दिया है। मैं अभी भले ही आपका रक्षा मंत्री हूं लेकिन उससे पहले तो भारत का नागरिक हूं। रक्षा मंत्री के साथ-साथ, मैं आज, भारत के नागरिक के रूप में भी आपका आभार प्रकट करने आया हूं।₹ रक्षा मंत्री ने कहा कि हमें अपनी सेना पर गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद पर बड़ी कार्रवाई है। पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ी है। हम आतंकवाद के खिलाफ किसी भी हद तक जा सकते हैं।

**'आतंकवाद के खिलाफ हम किसी भी हद तक जा सकते हैं' :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ₹ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत द्वारा चलाई गई, अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी कार्रवाई है। 35-40 वर्षों से भारत सरहद पार से चलाये जा रही आतंकवाद का सामना कर रहा है। आज भारत ने पूरी दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ हम किसी भी हद तक जा सकते हैं। पहलगाम में आतंकवादी घटना को अंजाम देकर भारत के माथे पर चोट पहुंचाने का काम किया, भारत की सामाजिक एकता को तोड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने भारत के माथे पर वार किया, हमने उनकी छाती पर घाव दिए हैं। पाकिस्तान के जख्मों का इलाज इसी बात में है कि वह भारत विरोधी और आतंकवादी संगठनों को पनाह देना बंद करे, अपनी जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ न होने दे।₹

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने श्रीनगर एयरबेस का दौरा किया और जवानों से मुलाकात की। उनके साथ जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद हैं। भारतीय वायु सेना (क्अत्र्) के जवानों ने श्रीनगर एयर बेस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बातचीत के दौरान 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए।

वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बादामी बाग छावनी में जवानों के साथ

### ‘पाक सेना के शौर्य को भूल नहीं पाएगा’

'भारत माता की जय' के नारे लगाए। रक्षा मंत्री ने यहां जवानों को संबोधित किया।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारतीय सेना ने 7 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। जिसमें कई कुख्यात आतंकी भी मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच हालात बिगड़े और दो दशक बाद चरम पर पहुंच गए। वहीं पाकिस्तान की तरफ से भारत के शहरों को निशाना बनाए जाने के बाद, भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने सभी को नाकाम करते हुए उसका माकूल जवाब दिया। भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के 14 सैन्य ठिकानों को ध्वस्त कर दिए। इससे घबराए पाकिस्तान ने 10 मई को भारत के सामने सीजफायर का प्रस्ताव रखा, जिसे दोनों देशों ने आपसी चर्चा के बाद लागू कर लिया। हालांकि, इसके कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तान की तरफ से इसका उल्लंघन किया गया, जिसका भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया।

# ‘एक-एक को खोज-खोज कर मारेंगे, आतंक का करेंगे सर्वनाश’

## जम्मू कश्मीर के त्राल में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकवादियों को किया ढेर



### जैश का टॉप कमांडर भी बना सेना का शिकार

**श्रीनगर/त्रालः** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के त्राल क्षेत्र में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। यह मुठभेड़ अवंतीपोरा के नदर, त्राल इलाके में हो रही है। पुलिस और सुरक्षाबलों ने संयुक्त अभियान चलाकर तीन आतंकवादियों को मार गिराया है। पूरे क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी है और सुरक्षाबलों ने इलाके को चारों ओर से घेर लिया है। जानकारी के अनुसार सुरक्षाबल मौके पर मौजूद हैं और ऑपरेशन अभी जारी है।

### गुप्त सूचना पर कार्रवाई

सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, पुलवामा जिले में अवंतीपोरा क्षेत्र के त्राल-नादेर के एक मकान में आतंकियों के आने की खास सूचना मिली थी। इसी के साथ इलाके की नाकेबंदी और मकान की घेराबंदी की गई। घनी आबादी के मद्देनजर आसपास के मकान खाली कराए गए। उसी बीच आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग करने वाले आतंकियों के नाम आमिर, आसिफ शेख और यावर बताए गए हैं। इनमें आसिफ शेख के संबंध पहलगाम के एक हमलावर के साथ भी रहे हैं।

### आधिकारिक बयान का इंतजार

खबर लिखे जाने के समय आधिकारिक बयान का इंतजार था। लेकिन एनकाउंटर की जगह जेसीबी मंगाकर मकान का मलबा हटाने की तैयारी को देखते हुए तीनों ही आतंकियों के मारे जाने की चर्चा थी। हालांकि, सेना की राष्ट्रीय राइफल्स, सीआरपीएफ और जेके पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के जवान एक्शन और तलाशी में लगे हुए थे। इधर, जम्मू के रियासी जिले के जंगल एरिया में भी सुबह एक्शन चल रहा था। कुछ संदिग्ध लोगों के देखे जाने के बाद वहां घेराबंदी कर पीछा करने का काम शुरू किया गया था। हालांकि, सही पूरी जानकारी आने का इंतजार खबर लिखे जाने के समय था।

इससे एक दिन पहले मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के शुक्रू केलर जंगल इलाके में मुठभेड़ के दौरान लश्कर-ए-ताइबा के तीन आतंकियों को मार गिराया गया था।

# पाकिस्तान में किसी परमाणु केंद्र से विकिरण का रिसाव नहीं हुआः आईएईए

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत द्वारा किए गए हवाई हमलों के बाद पाकिस्तान के किराना हिल्स क्षेत्र में परमाणु संयंत्र पर हमले की अटकलें तेज हो गई थीं। इन खबरों के बीच अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान के किसी भी परमाणु संयंत्र से कोई रेडिएशन रिसाव या उत्सर्जन नहीं हुआ है।

आईएईए के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, पाकिस्तान के किसी भी परमाणु संयंत्र से रेडिएशन का कोई रिसाव या उत्सर्जन नहीं हुआ है। आईएईए का यह बयान उस समय आया है जब कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के किराना हिल्स, जहां कथित तौर पर एक परमाणु सुविधा स्थित है, को निशाना बनाया था।

हालांकि, इससे पहले भारतीय वायुसेना के एयर मार्शल एके भारती ने भी सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस दावे को खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा कहा था, शुक्रिया यह बताने के लिए कि किराना हिल्स में कोई परमाणु केंद्र है, हमें इसकी जानकारी नहीं थी। हमने किराना हिल्स को निशाना नहीं बनाया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जैसवाल ने भी 13 मई को प्रेस कांफ्रेंस




में साफ किया कि भारत की सैन्य कार्रवाई पूरी तरह परंपरागत दायरे में थी। उन्होंने कहा कि परमाणु रिसाव की अफवाहों पर जवाब देना पाकिस्तान का काम है, हमारा नहीं। हमने अपनी स्थिति रक्षा ब्रीफिंग में स्पष्ट कर दी है।

उन्होंने यह भी बताया कि पाकिस्तान के राष्ट्रीय कमान प्राधिकरण की बैठक की अफवाहें भी बाद में आधिकारिक रूप से खारिज कर दी गईं।

इसकी स्थापना 29 जुलाई 1957 को हुआ था जिसका मुख्य कार्य विश्व के किसी भी परमाणु दुर्घटना, लापरवाही या जानबूझकर की गई घटना के मामलों में निगरानी करता है। इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी में कुल 178 देश हैं जो इसके सदस्य हैं। इसका मुख्यालय आस्ट्रिया में है।

आईएईए की पुष्टि के बाद अमेरिका ने भी इस मामले पर चुप्पी साधे रखी है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने 13 मई को प्रेस वार्ता में जब यह पूछा गया कि क्या अमेरिका पाकिस्तान में कथित परमाणु रिसाव की रिपोर्टों पर टीम भेजेगा, तो उन्होंने जवाब दिया था कि इस संबंध में मेरे पास साझा करने के लिए कोई नया अपडेट नहीं है।

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच परमाणु हमले या रिसाव की खबरें बेहद संवेदनशील और खतरनाक हो सकती थीं। लेकिन भारत की ओर से दी गई स्पष्टता, आईएईए की अंतरराष्ट्रीय पुष्टि और अमेरिका की उदासीन प्रतिक्रिया से यह साफ हो गया है कि कोई परमाणु आपात स्थिति उत्पन्न नहीं हुई है। यह स्थिति दर्शाती है कि भारत की सैन्य कार्रवाई सटीक, सीमित और जिम्मेदाराना थी, और अंतरराष्ट्रीय नियमों का पूर्ण पालन किया गया।

# पाकिस्तान प्रेम और भड़काऊ बयान मामले में विधायक अमीनुल इस्लाम एनएसए के तहत गिरफ्तार

**विधायक अमीनुल इस्लाम पर पाकिस्तान का बचाव करने और पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सरकार पर साजिश का आरोप लगाने जैसे भड़काऊ बयान देने का आरोप है।**

**दिसपुर।** असम के नगांव जिले में एआईयूडीएफ के विधायक अमीनुल इस्लाम को नेशनल सिक्योरिटी एक्ट (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया है। उन पर पाकिस्तान का बचाव करने और पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सरकार पर साजिश का आरोप लगाने जैसे भड़काऊ बयान देने का आरोप है। बता दें कि अमीनुल इस्लाम को पहले 24 अप्रैल को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। हालांकि 8 मई को उन्हें जमानत मिल गई, लेकिन इसके तुरंत बाद उन्हें एनएसए के तहत फिर से गिरफ्तार कर नगांव सेंट्रल जेल में ही रखा गया।



**सीएम सरमा ने दी जानकारी :** मामले में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि नगांव के डिप्टी कमिश्नर और जिला मजिस्ट्रेट ने पुलिस रिपोर्ट के आधार पर इस्लाम को एनएसए के तहत हिरासत में लिया है। रिपोर्ट में उनके चुनाव प्रचार के दौरान दिए गए भड़काऊ भाषण और वायरल वीडियो का जिक्र है, जिसमें उन्होंने पहलगाम हमले को सरकार की साजिश बताया था।

**इस्लाम के खिलाफ दर्ज है 23 अन्य मामले :** वहीं एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस्लाम के खिलाफ पहले से ही 23 मामले दर्ज हैं। उन्हें पहले चार दिन की पुलिस रिमांड में रखा गया, फिर 29 अप्रैल से न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। हालांकि बढ़ते मामले को देखते हुए एआईयूडीएफ पार्टी ने विधायक के बयान से दूरी बनाते हुए कहा है कि ये उनके निजी विचार हैं, पार्टी की राय नहीं।

# ‘दुश्मन का दोस्त भी दुश्मन ही होता है’

## तुर्किये-अजरबैजान का ट्रक चालकों ने किया बायकॉट, नहीं पहुंचाएंगे रसद

**नई दिल्ली।** भारत के एहसानों को भूलकर पाकिस्तान का साथ देना टर्की को चार हजार करोड़ रुपये महंगा पड़ सकता है। अजरबैजान को भी पाकिस्तान की दोस्ती की कीमत तीन हजार करोड़ रुपये वार्षिक की चपत लगा सकती है। देशभर के व्यापारियों ने तुर्किये और अजरबैजान से आयात होने वाली वस्तुओं पर पहले ही एक तरफा प्रतिबंध लगा दिया है। 16 मई को दिल्ली में व्यापारियों की एक बड़ी बैठक में तुर्किये और अजरबैजान से सभी व्यापारिक रिश्तों को तोड़ने पर निर्णय लिया जा सकता है।

वहीं, देश के ट्रक ऑपरेटर संगठनों की बैठक में पाकिस्तान के दोस्त देश तुर्किये और अजरबैजान से आने वाली किसी भी वस्तु को देश में एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाने से इनकार कर दिया है। व्यावसायिक ट्रक ऑपरेटर संगठनों ने भी व्यापारियों के सुर में अपना सुर मिलाते हुए केंद्र सरकार से इन देशों से व्यापारिक रिश्ते बंद करने की मांग कर रहे हैं। व्यापारी केंद्र सरकार से टर्की और अजरबैजान की एयरलाइंस पर भी प्रतिबंध लगाने की मांग कर सकते हैं।




**क्या आयात करता है भारत? :** यदि यह निर्णय अमल में लाया जाता है तो इससे भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के समय में पाकिस्तान का साथ देने वाले तुर्किये और अजरबैजान को हर साल तीन से चार हजार करोड़ का नुकसान हो सकता है। तुर्किये से हर साल भारत को करोड़ों रुपये का नमक और खाद्य सामग्री, रसायन, आभूषण, पशुओं के उत्पाद, खनिज तेल और परमाणु रिएक्टर के पुर्जे का आयात होता है। यदि व्यापारियों का निर्णय पूरा हुआ तो इन देशों को हर साल हजारों करोड़ रुपये का नुकसान होगा। हालांकि, इसके बदले इन देशों में भी भारत के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की मांग उठ सकती है।

**टर्की-अजरबैजान के सामान नहीं ले जाएंगे ट्रक :** ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र कपूर ने अमर उजाला से कहा कि देश भर के ट्रक ऑपरेटर तुर्किये और अजरबैजान से आयातित किसी भी सामान को देश के दूसरे स्थानों पर पहुंचाने के लिए अपनी सेवा नहीं देंगे।

# सीजफायर के ट्रंप के दावे पर कांग्रेस नाराज

## 15 राज्यों में पार्टी करेगी जय हिंद सभा, सरकार से पूछेगी सवाल

**नई दिल्ली।** भारत पाकिस्तान में संघर्षविराम में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दावे को लेकर सियासत जोरों पर है। कांग्रेस ने इसे लेकर सवाल खड़े किए हैं। इस बीच, कांग्रेस ने एलान किया है कि वह 20 से 30 मई के बीच 15 राज्यों में 'जय हिंद सभा' आयोजित करेगी। इस सभा में राष्ट्रीय सुरक्षा से निपटने के सरकार के तरीके तथा भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम में अमेरिका की भागीदारी को लेकर सवाल उठाएगी। कांग्रेस ने यह एलान बुधवार को हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद किया है।

**जयहिंद सभा में इन लोगों की होगी भागीदारी :** कांग्रेस महासचिव एवं संगठन प्रभारी के सी वेणुगोपाल ने अपनी एक पोस्ट में जय हिंद सभा की पोस्ट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन बैठकों में सेना के दिग्गजों, पार्टी नेताओं और आम जनता की भागीदारी होगी। वेणुगोपाल ने अपनी पोस्ट में कहा कि सशस्त्र बलों की सर्वोच्च वीरता और सफलता को सलाम करने के लिए कांग्रेस पूरे भारत में 'जय हिंद सभा' आयोजित करेगी। हमें सुरक्षा चूक, राष्ट्रीय सुरक्षा से निपटने के सरकार के तरीके और हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों में अमेरिका की चिंताजनक भागीदारी पर उसकी चुप्पी पर भी गंभीर सवाल उठाने चाहिए।



इससे पहले, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भी इस विषय पर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस पार्टी पूछ रही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम की घोषणा क्यों की?

### ट्रंप संघर्ष विराम का श्रेय लेने की कोशिश कर रहे

डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को रियाद में एक कार्यक्रम में कहा कि 'हाल ही में मेरे प्रशासन ने सफलतापूर्वक भारत और पाकिस्तान के बीच ऐतिहासिक संघर्ष विराम कराया है। इसके लिए मैंने व्यापार का इस्तेमाल किया और कहा कि परमाणु हथियारों का आदान-प्रदान करने के बजाय चीजों का व्यापार करें। दोनों ताकतवर और अच्छे नेता हैं और दोनों मान गए और ये सब रुक गया। उम्मीद है कि ये ऐसा ही रहेगा।' इससे पहले भी ट्रंप ने दावा किया था कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाया। हालांकि भारत सरकार साफ कह चुकी है कि संघर्ष विराम के लिए भारत और पाकिस्तान के मध्य बातचीत हुई।

# गृह मंत्री अमित शाह पहुंचे दिल्ली एम्स

## नक्सली मुठभेड़ में घायल जवानों का जाना हाल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को दिल्ली के एम्स अस्पातल में पहुंचे। जहां उन्होंने छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान घायल हुए पांच सुरक्षाकर्मियों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

**शाह ने डॉक्टरों से लिया हेल्थ का फीडबैक :** सुरक्षाकर्मियों ने छत्तीसगढ़ और तेलंगाना सीमा के करेगुंट्टा हिल्स (केजीएच) में चलाए गए 21 दिनों के नक्सल विरोधी अभियान 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' में हिस्सा लिया था। मिली जानकारी के मुताबिक, शाह ने दिल्ली एम्स के ट्रॉमा सेंटर का दौरा किया। जहां घायल जवानों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों से भी फीडबैक लिया।



इलाज कर रहे डॉक्टरों से गृहमंत्री ने फीडबैक लिया

पांच सुरक्षाकर्मियों में सीआरपीएफ के तीन कोबरा कमांडो, एक सीआरपीएफ जवान और छत्तीसगढ़ पुलिस का एक जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) शामिल है। इनमें कोबरा की 204वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट सागर बोराडे, 203वीं कोबरा बटालियन के हेड कांस्टेबल मुनीश चंद शर्मा, 204 कोबरा के कांस्टेबल धनु राम, 196वीं सीआरपीएफ बटालियन के कांस्टेबल कृष्ण कुमार गुर्जर और डीआरजी के कांस्टेबल संतोष मुरामी शामिल हैं।

जानकारी के लिए बता दें कि बीते बुधवार को सुरक्षाबलों ने करेगुंट्टा पहाड़ियों में 31 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया था। देश को नक्सल मुक्त बनाने के संकल्प में ऐतिहासिक सफलता हासिल की थी। केंद्र सरकार का लक्ष्य मार्च 2026 तक देश को नक्सल मुक्त बनाना है।

**बीजापुर में सुरक्षाबलों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलिरयों का गढ़ कहे जाने वाले करेगुंट्टा पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। छत्तीसगढ़ पुलिस और केंद्रीय बलों के संयुक्त रूप से 21 अप्रैल से 11 मई 2025 तक चलाए गए 21 दिनी नक्सल विरोधी अभियान में कुल 31 वर्दीधारी नक्सली मारे गए हैं। इनमें 16 महिलाएं शामिल हैं। सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के चार तकनीकी इकाइयों को नष्ट किया है, जिनका उपयोग बीजीएल शेल, देषी हथियार, आईईडी और अन्य घातक हथियारों के निर्माण के लिए किया जा रहा था।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






### उठ रहे हैं सवाल, अब लोकसभा-विधानसभा और निगम के हर वार्ड में

# पार्षद और मेयर बताएं तो सही अपने काम को अपने-अपने रिपोर्ट कार्ड में



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद शहर विकास के मामले में अन्य शहरों के अपेक्षा तेजी से विकसित हुआ है। उसकी वजह ये भी है कि यह शहर दिल्ली से लगा हुआ है। यहां अक्सर वीआईपी मूवमेंट होते हैं और इसीलिये इसे वीआईपी जिला कहा जाता है। यहां लोकसभा, विधानसभा के साथ-साथ विकास में एक बड़ी भूमिका गाजियाबाद नगर निगम भी निभाता है। यहां नगर निगम का विस्तार ऐसा है कि इसमें सौ वार्ड आते हैं। यहां मेयर का चुनाव सीधे जनता करती है। नगर निगम में यहां स्वच्छता अभियान से लेकर अन्य क्षेत्रों में इतना काम किया है कि कई अवॉर्ड उसके नाम हैं। हाल ही में नगर निगम ने अपने मौजूदा सदन के गठन के कार्यकाल के दो वर्ष पूरे किये। पार्षदों ने दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया। इसी बीच करंट क्राइम ने जनता से ही यह सवाल किया और उसकी राय जानी कि वह अपने क्षेत्र के वार्ड से कितने संतुष्ट हैं और दस में से कितने अंकर अपने पार्षद को देते हैं। मेयर को भी अपने दो वर्षों के विकास कार्यों का एकमुश्त रिकॉर्ड जनता के समक्ष रखना चाहिए।

इसके बाद हर वार्ड से जवाब आने शुरू हो गए। कहीं पार्षदों को दस में दस अंक मिले। कहीं दस में से जीरो अंक मिले। करंट क्राइम ने जनता से उनकी राय मांगी थी और जनता ने रिपोर्ट कार्ड दिया तो पता चला कि हर वार्ड का रिपोर्ट कार्ड कैसा है। अब ये सवाल भाजपा के भीतर उठा है कि लोकसभा वाले बताएं क्या किया है, विधानसभा वाले बताएं क्या किया है और सबसे बड़ा सवाल ये है कि हर पार्षद अपने वार्ड में हुए विकास का एक रिपोर्ट कार्ड जारी करें। हर पार्षद ये बताए कि उसने दो वर्षों में क्या किया है। पार्षदों के पास बताने का बहुत कुछ है। वो बता सकते हैं कि उन्हें विकास के नाम पर कितना कोटा मिला है। उन्होंने विकास के कितने प्रस्ताव दिये और उनमें से कितने प्रस्ताव पास हुए। वो ये भी बता सकते हैं कि अपने-अपने वार्ड में उन्होंने दो साल में कौन सी ऐसी प्रमुख समस्याएं थीं जो लंबे समय से लंबित थी और उन्होंने इस दो सालों में समाधान कराया है। आवाज ये भी है कि रिपोर्ट कार्ड हर वार्ड का आना चाहिए और इससे ये भी पता चलेगा कि किन वार्डों पर विकास वाली कृपा बरसी है और कौन से वार्ड निधि के सूखे से ग्रस्त है, जहां विकास कम हुआ है।

एक तरह से प्रत्येक वार्ड का विकास का एक पूरा मैप सामने आ जाएगा। निगम सूत्र बताते हैं कि एक बार निगम के सदन में रिपोर्ट कार्ड रखने के आदेश तो हों, फिर दूध का दूध और पानी का पानी होकर सामने आ जाएगा।

## सांसद-विधायक भी दें जनता को निधि का हिसाब








बात पार्षदों से चली है और अब सांसद-विधायकों तक आ गई है। खुद भाजपा के कई नेता चाहते हैं कि जिस तरह से पार्षदों ने हिसाब दिया है, उसी तरह जरा सांसद और विधायक भी तो बताएं कि उन्होंने अपने कोटे की निधि कहां-कहां और किस विधि से लगाई है। वो बता रहे हैं कि जब यहां जनरल वीके सिंह लोकसभा सांसद थे तो उन्होंने बाकायदा एक किताब छपवाकर सांसद निधि के एक-एक पैसे का हिसाब दिया था। उस किताब से ही जनता को पता चला था कि खोड़ा की सोलर लाइट से लेकर मीरपुर हिंदू गांव के इंटरलॉकिंग टाइल का पूरा हिसाब मौजूद है।

सांसद के रूप में जनरल वीके सिंह ने कितने लोगों का इलाज कराया इसका भी पूरा ब्योरा दिया था। देहात से लेकर शहर तक हैल्थ पर क्या काम हुआ ये बताया था। अब जनता चाहती है कि सांसद और विधायक भी ये बताएं कि उन्होंने अपनी निधि किस-किस मद में कितनी लगाई है। जनता को पता तो चले कि विकास की निधि को सांसद और विधायकों ने किस विधि से खर्च किया है। इस पर भी रायशुमारी होनी चाहिए।

अभी ये हो रहा है कि सांसद-विधायक के कोटे से काम तो हो रहा है, लेकिन जनता से लेकर मीडिया को ये पता ही नहीं चलता कि विधायक जी कब निधि ले आए और क्या काम करा रहे हैं। बेहतर होगा कि सांसद-विधायक भी मीडिया और जनता को ये जरूर बताएं जो पैसा वो विकास के लिये लाए हैं वो पैसा उन्होंने निधि के रूप में किस विधि खर्च किया है।

### जारी है पुलिस कमिश्नर का निरीक्षण वाला अभियान

# मसूरी थाने में टॉर्च से जांची हवालात और थाने का डेली रजिस्टर किया चेक

**- बुधवार रात पुलिस कमिश्नर ने किया देहात जोन के थाने का निरीक्षण**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में नए कमिश्नर जे रविंदर गौड़ लगातार थानों का निरीक्षण कर रहे हैं। वह कभी दिन में किसी थाने पहुंच रहे हैं, तो कभी रात और शाम को, वहीं बुधवार की रात देहात जोन के अंतर्गत आने वाले मसूरी थाने में पुलिस कमिश्नर पहुंचे और यहां का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान उनके साथ मौजूद पुलिसकर्मियों ने टॉर्च लेकर हवालात का हाल जाना, तो नाइट अफसर से डेली रजिस्टर के बारे में पूछताछ की गई। वहीं सीपी के निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना प्रभारी और अन्य स्टाफ को थाने में साफ सफाई और आने वाले आगंतुकों और फरियादियों के साथ बेहतर व्यवहार करने की भी सलाह दी गई।

### इधर थाने में हुई पुलिस कमिश्नर की एंट्री, उधर बढ़ गई पुलिस कर्मियों की अटेंशन



करंट क्राइम : बुधवार को जैसे ही मसूरी थाने में पुलिस कमिश्नर की सफेद गाड़ी ने एंट्री ली, तो थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों की अटेंशन बढ़ गई। किसी ने अपनी वर्दी ठीक की, तो कोई कागजों को ठीक करने में लग गया। तो जब पुलिस कमिश्नर ने थाने के मुंशी रूम और अन्य पुलिसकर्मियों के कक्ष का निरीक्षण किया तो यहां सफाई की व्यवस्था को भी देखा। साथ ही थाना प्रभारी को निर्देश दिया है कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही ना हो और फरियादियों के साथ अच्छे से व्यवहार किया जाए।

### सीपी का थाना प्रभारियों को निर्देश, सारे रिकॉर्ड रहना चाहिए अपडेट

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद ने लगातार थानों के निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया है कि सभी अभियोग से संबंधित रिकॉर्ड अपडेट होने चाहिए। वहीं मसूरी में निरीक्षण के दौरान थानों के कैमरे और मालखाने से लेकर अन्य व्यवस्था पर ध्यान दे रहे हैं। थाने में पानी-लाइट और सफाई व्यवस्था का भी ध्यान रखा जा रहा है कि नहीं पुलिस कमिश्नर ने इसका भी हाल जाना है।

# तुर्की जैसे देश का हो पूरी तरह से बहिष्कार: जगदीश साधना



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान तुर्की देश की भूमिका को कटघरे में खड़ा किया है। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में उन्होंने कहा कि तुर्की जैसे देश ने डबल गेम खेला है। भारत ने तुर्की का साथ दिया, लेकिन जब भारत पर हमला हुआ तो तुर्की ने अपना स्टेंड बदल दिया। जगदीश साधना ने कहा कि ऐसे दोगले देशों से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऐसे देश से प्रत्येक प्रकार का संबंध समाप्त किया जाना चाहिए और सामाजिक से लेकर व्यापारिक स्तर पर इनका बहिष्कार किया जाए।

ना तो ऐसे देश से कोई व्यापार करना चाहिए और ना ही ऐसे देश को कभी हथियार उपलब्ध कराने चाहिए। जगदीश साधना ने तुर्की की आलोचना करते हुए कहा कि इसको अलग-थलग कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा देश है जिसका झुकाव कट्टरपंथ की तरफ है। हमारी सरकार को ऐसे देश से सावधान रहने की जरूरत है। अब वो समय आ गया जब हम ऐसे दोगले देश का पूरी तरह बहिष्कार कर दिया जाए।

# भाजपा कर रही है तिरंगे पर राजनीति : अभिषेक गर्ग



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने भाजपा की तिरंगा यात्रा और कर्नल सोफिया कुरैशी पर मंत्री की टिप्पणी को लेकर कहा कि भाजपा तिरंगा यात्रा के नाम पर राजनीति कर रही है और देश की सेना का अपमान किया जा रहा है। करंट क्राइम से बातचीत में अभिषेक गर्ग ने कहा कि भाजपा तिरंगा यात्रा निकाल रही है और देश की सेना का अपमान कर रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा तिरंगे नाम पर राजनीति कर रही है। भाजपा के जिम्मेदार नेता, जनप्रतिनिधि देश की बेटी और भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं।

यह नारी का भी अपमान है और सेना का भी अपमान है। उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी पर भाजपा के मंत्री की अभद्र टिप्पणी हल्की सोच को प्रदर्शित करती है। भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है।

उन्होंने कहा कि भाजपा केवल राजनीति कर रही है और सबसे बड़ी बात ये है कि जिस मंत्री की टिप्पणी पर भाजपा हाईकमान को संज्ञान लेना चाहिए था उस टिप्पणी पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया।

भाजपा हाईकमान ने ना तो मंत्री की टिप्पणी पर कोई संज्ञान लिया और ना ही कोई कार्यवाही की। इससे ही भाजपा की सोच का पता चलता है। अभिषेक गर्ग ने कहा कि भाजपा तिरंगे पर राजनीति करने से बाज आए है और देश की बहन-बेटियों का सम्मान करना, देश की सेना अपने मंत्रियों को सिखाएं।

# दिनेश कुमार गोयल ने ठाकुरद्वारा शिक्षा संस्थान के बच्चों एवं अध्यापकों की हौसलाअफजाई की



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद् उ0प्र0, अध्यक्ष ठाकुरद्वारा शिक्षा संस्थान (पंजीकृत) गाजियाबाद द्वारा विद्यालय का हाईस्कूल का रिजल्ट 100 प्रतिशत व इण्टर में टॉपर त्रिशा सिंह के 99.2 प्रतिशत अंक आने पर स्कूल की प्रधानाचार्या पूनम शर्मा, वाईस प्रिंसिपल बीनू गर्ग, पूजा श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। दिनेश कुमार गोयल ने कहा कि इस प्रकार से आगे भी आप सभी शिक्षकगण बच्चों के साथ मेहनत करते रहें जिससे स्कूल का नाम गाजियाबाद जिले में और अधिक रोशन हो।

# पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने देहात जोन के सैकड़ों पुलिसकर्मियों को पढ़ाया बीट पुलिसिंग का पाठ

## 11 थानों में 895 बीट पर शुरू हुआ काम, 352 बीट एसआई और 638 बीट ऑफिसर संभालेंगे कमान









**- पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लागू हो गई है बीट पुलिसिंग व्यवस्था**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ लगातार बीट पुलिसिंग व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए जोन के पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों, बीट एसआई और बीट पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को मोदी नगर में ग्रामीण जोन के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी और 895 बीट क्षेत्र के पुलिसकर्मियों को पुलिस कमिश्नर द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही उन्हें जनता के साथ एक-एक व्यक्ति और एक-एक प्राणी की जिम्मेदारी रखने की दिशा निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान पुलिस कर्मियों को शपथ भी दिलाई गई है कि वह बीट व्यवस्था को सफल बनाने के लिए काम करेंगे।

### सीपी का फरमान, बीट अधिकारी को हफ्ते में तीन बार करना होगा भ्रमण

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ द्वारा गुरुवार को ग्रामीण जोन के 11 थानों के कुल 895 बीट क्षेत्र में बांटे गए 352 बीट एसआई और 638 बीट



पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वह साफ-सुथरी वर्दी में सप्ताह में तीन बार अपने-अपने बीट के क्षेत्र में भ्रमण करेंगे। इस दौरान बच्चों, दिव्यांगजनों, महिलाओं, बुजुर्गों और गरीब लोगों के साथ शालीनता का व्यवहार करते हुए इलाके में होने वाले अवैध कार्य, सट्टा, जुंआ, अवैध शराब और मादक पदार्थों की बिक्री से लेकर अन्य गतिविधियों पर नजर रखेंगे। बीट पर रहने वाले प्रमुख लोगों से संपर्क साधेंगे और सौहार्द का माहौल बनाने का लगातार प्रयास करेंगे।

### प्रमुख लोगों के घर दस्तक देगा बीट अफसर बोलेगा, कैसा है आपका हाल और इलाके का माहौल

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ द्वारा देहात जोन के डीसीपी, सभी एसीपी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, बीट एसआई और बीट ऑफीसर को ट्रेनिंग दी गई है कि वह अपने बीट पर सप्ताह में कम से कम तीन बार अवश्य जाएंगे। इस दौरान पुलिस कर्मियों का व्यवहार और लोगों से मिलने मिलाने का कार्यक्रम होना चाहिए। पुलिस कमिश्नर द्वारा बताया गया है कि जब कोई भी बीट पुलिस ऑफिसर अपने क्षेत्र के गणमान्य एवं प्रमुख लोगों के यहां पहुंचेगा, तो अपना परिचय देगा। अपना नंबर नोट करवएगा, उनका पता, नंबर और जिन पर विजिटिंग कार्ड होंगे उनको भी एकत्रित करने का काम करेगा। साथ ही प्रमुख जानकारी से लेकर मोहल्ले की गतिविधियों और वहां के हालातों की भी सूचना जुटाना उसके प्रमुख कार्य में शामिल रहेगा।

### जोनल पुलिस उपायुक्त रखेंगे बीट ऑफिसर्स पर नजर



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत जोन बटे हुए हैं और प्रत्येक जोन में जो डीसीपी यानी जोनल पुलिस उपायुक्त होगा, वह अपने-अपने जोन के बीच पुलिस ऑफिसर्स और बीट उप निरीक्षक की समय-समय पर मीटिंग करेगा। उनसे इलाके का अपडेट लेगा, जो गलतियां लापरवाही और कमियां होगी उनको दूर करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश देगा। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नर भी मासिक, त्रैमासिक और अर्धवार्षिक निरीक्षण किया करेंगे।

### अपराधियों का ब्योरा रखना होगा

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने बताया कि बीपीओ और बीट सब-इंस्पेक्टर को हिस्ट्रीशीटर से लेकर छोटे अपराधियों का रिकॉर्ड रखना होगा। उनके बारे में उच्चाधिकारियों को सूचना देनी होगी। बीपीओ घटनास्थल के निरीक्षण से लेकर अभियुक्तों की गिरफ्तारी में भूमिका निभाएंगे। गोकशी, सट्टेबाजी और मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाना भी बीपीओ की जिम्मेदारी है।

### विभिन्न वेरिफिकेशन के लिए समयसीमा तय

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने बताया कि सिटीजन चार्टर के तहत विभिन्न वेरिफिकेशन के लिए समयसीमा तय की गई है। पासपोर्ट वेरिफिकेशन 15 दिन में करना होगा। वहीं, पुलिस, चरित्र, किराएदार, नौकर और कर्मचारी वेरिफिकेशन दस दिन के भीतर करना होगा। किसी आयोजन की एनओसी जारी करने की अधिकतम अवधि पांच दिन है। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि रिश्वत मांगने की शिकायत के लिए तीनों डीसीपी, दोनों एडिशनल सीपी और खुद अपना नंबर सार्वजनिक किया है।

## संपादकीय

# भरोसा बढ़ेगा

सुप्रीम कोर्ट के नए चीफ जस्टिस बीआर गवई और निवर्तमान सीजेआई संजीव खन्ना ने मिसाल पेश की है। जस्टिस खन्ना ने सुप्रीम कोर्ट में लोगों का भरोसा बढ़ाया। उन्होंने जजों की संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक किया। कलीजियम सिस्टम पर उठ रहे संदेहों को दूर करने का प्रयास किया गया। नए सीजेआई गवई ने संविधान की सर्वोच्चता पर जोर दिया। सुप्रीम कोर्ट के नवनियुक्त चीफ जस्टिस बीआर गवई और निवर्तमान उखकसंजीव खन्ना ने यह कहकर न्यायपालिका की गरिमा और विश्वसनीयता बढ़ाई है कि वे रिटायरमेंट के बाद कोई पद स्वीकार नहीं करेंगे। दोनों ने पूरे सिस्टम के लिए नजीर पेश की है।

पारदर्शिता के प्रयास : जस्टिस खन्ना का कार्यकाल बहुत छोटा रहा, लेकिन इसी दरम्यान उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में आम लोगों का भरोसा बढ़ाने वाले कई कदम उठाए। जस्टिस यशवंत वर्मा कैश कांड उनके लिए एक परीक्षा की तरह था। लोगों के मन में तमाम सवाल उठ रहे थे। उखकखन्ना ने न केवल उस मामले को तार्किक परिणति तक पहुंचाया, बल्कि उन्हीं की पहल पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक कर स्ट्रॉन्ग पॉजिटिव मेसेज दिया। संदेह दूर किया इसी तरह, जस्टिस खन्ना के ही दौर में कलीजियम सिस्टम पर उठ रहे संदेहों को दूर करने का प्रयास भी किया गया था। इस सिस्टम पर भाई-भतीजावाद के आरोप लग रहे थे। ऐसे में जस्टिस खन्ना ने पिछले करीब तीन साल में कलीजियम में जितने भी प्रस्ताव आए थे, उन सभी को सार्वजनिक कर दिया। कौन रिकमेंड हुआ, किस आधार पर हुआ और किनको नियुक्ति मिली- इन सवालों के जवाब मिले तो संदेह के बादल भी छंट गए। करीब तीन साल में 221 नाम भेजे गए थे, जिसमें से केवल 14 किसी जज या पूर्व न्यायाधीश के रिश्तेदार थे। संविधान सर्वोच्च नए उखकगवई ने पद संभालने से पहले एक और महत्वपूर्ण बात कही थी। न्यायपालिका और विधायिका में कौन बड़ा - के सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि देश में संविधान की सर्वोच्चता है। पिछले दिनों चली बहस के संदर्भ में यह बात महत्वपूर्ण है। लंबित मुकदमों का भार हालांकि नए उखकके सामने कई चुनौतियां हैं। न्यायपालिका पर लंबित मुकदमों का बोझ बढ़ता जा रहा है और इसका उन्होंने जिक्र भी किया। देश की अदालतों में पांच करोड़ से ज्यादा केस पेंडिंग हैं। ये आंकड़े न्याय मिलने की रफ्तार को धीमा करते हैं। भरोसा और पारदर्शिता बढ़ाने के साथ न्याय मिलने की रफ्तार में भी तेजी लाने की कोशिश होनी चाहिए। बड़ा मकसद लोकतंत्र मजबूत तभी है, जब न्यायपालिका मजबूत हो, जब वह निष्पक्ष होकर बिना किसी डर या लालच के अपना कर्तव्य निभाए और निभाती हुई दिखे। जस्टिस गवई और जस्टिस खन्ना का स्टैंड इसी बड़े मकसद से प्रेरित है। इससे देश की सर्वोच्च अदालत की छवि और चमकदार बनेगी।

# धातुओं की कीमतों से थोक मूल्य सूचकांक पर होगा असर

## रुपये की कीमत में आई 32 पैसे की गिरावट



**नई दिल्ली।** पाम और रिफाइंड तेल आयात में कमी से वनस्पति तेल का आयात अप्रैल में 32 फीसदी घटकर 8.91 लाख टन रह गया। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन के मुताबिक, सरसों की पेराई बढ़ने के साथ पाम तेल की मांग में कमी से तीन माह में आयात बहुत कम स्तर पर रहा।एसईए के मुताबिक, नेपाल से रिफाइंड खाद्य तेलों का आयात 60,000 से 70,000 टन मासिक है। इसने भी समग्र आयात और स्टॉक को प्रभावित किया है। अप्रैल में पाम तेल आयात 53 प्रतिशत घटकर 3.21 लाख टन रह गया। कच्चे पाम तेल का आयात 55 प्रतिशत घटकर 2.41 लाख टन रह गया। सूरजमुखी तेल आयात 23.28 प्रतिशत घटकर 1.80 लाख टन रह गया। मैनकाइंड फार्मा को 341.86 करोड़ रुपये का आयकर नोटिस दवा कंपनी मैनकाइंड फार्मा लि. को आयकर विभाग से ब्याज सहित 341.86 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कर मांग का नोटिस मिला है। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजारों को बताया, उससे आयकर उपायुक्त (सेंट्रल सर्कल 29), नई दिल्ली के कार्यालय से आईटी पोर्टल के जरिये 13 और 14 मई, 2025 को ब्याज सहित 341.86 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कर मांग की गई। यह मांग आयकर अधिनियम-1961 की विभिन्न धाराओं के तहत किए गए समायोजन और विभिन्न खर्च की अस्वीकृति के कारण है। बरबेरी वैश्विक स्तर पर 1,700 की करेगी छंटनी ब्रिटिश लग्जरी ब्रांड बरबेरी लागत में कटौती करने और कारोबार को पटरी पर लाने के लिए वैश्विक स्तर पर 1,700 नौकरियों में कटौती करेगी।

### ई-कॉमर्स कंपनियों को पाकिस्तानी झंडे वाले उत्पाद हटाने का आदेश

उपभोक्ता संरक्षण नियामक ने अमेजन इंडिया और वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली फ्लिपकार्ट सहित विभिन्न ई-कॉमर्स कंपनियों को नोटिस जारी कर उन्हें अपने मंच से पाकिस्तानी झंडे वाले उत्पाद हटाने का निर्देश दिया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यह जानकारी दी। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने यूबाय इंडिया, एट्सी, द फ्लैग कंपनी व द फ्लैग कॉरपोरेशन को भी भेजे नोटिस में कहा, पाकिस्तानी झंडों और संबंधित सामानों की बिक्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जोशी ने कहा, ऐसी असंवेदनशीलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ई-कॉमर्स मंच ऐसी सभी सामग्री तुरंत हटा दें और राष्ट्रीय कानूनों का पालन करें।

### शक्ति पंप्स ने 2,516.2 करोड़ का राजस्व अर्जित किया

शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड (एसपीआईएल), इंदौर (मध्य प्रदेश) ने 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वित्त वर्ष के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक 2,516.2 करोड़ रुपये के राजस्व का आंकड़ा पार किया है। इसमें वर्ष दर वर्ष 83.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। वहीं वित्त वर्ष 2024-25 का शुद्ध लाभ 188.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 408.4 करोड़ रहा। इस अवसर पर एसपीआईएल के चेयरमैन दिनेश पाटीदार ने प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि कंपनी का प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहा है। कंपनी ने सभी प्रमुख मानकों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। यह प्रभावशाली टॉपलाइन ग्रोथ हमारे घरेलू और निर्यात दोनों व्यवसायों में शानदार प्रदर्शन के चलते संभव हुई है।

# भारत पाकिस्तान में हुआ तनाव और बर्बाद हो गई यह चाइनीज कंपनी

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। उसके बाद पाकिस्तान युद्ध पर अमादा हो गया और बिना किसी आधिकारिक एलान के वह युद्ध के मैदान में उतर गया, हालांकि भारत की लड़ाई आज भी पाकिस्तान के खिलाफ नहीं, बल्कि आतंक के खिलाफ है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तानी आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया जिसमें आतंकियों के करीब 9 ठिकानों को मिट्टी में मिलाया गया।



संघर्ष के दौरान पाकिस्तान ने भारत पर मिसाइल से लेकर ड्रोन तक से हमले किए, लेकिन भारतीय डिफेंस सिस्टम ने हमले को पूरी तरह से नाकाम कर दिया। इस संघर्ष के बीच एक बड़ी चीज देखने को मिली और वो यह है कि संघर्ष भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ लेकिन कंपनियां चीन की बर्बाद हो रही हैं। आइए समझने की कोशिश करते हैं कि इसके पीछे क्या राज है?

पाकिस्तान ने भारत पर दागे चाइनीज मिसाइल और ड्रोन

युद्धविराम की घोषणा के बाद भारतीय बाजार में जहां शानदार हरियाणी देखने को मिली, वहीं चाइनीज स्टॉक मार्केट में तबाही नजर आई, खासतौर पर चाइनीज डिफेंस स्टॉक में। चीन के प्रमुख डिफेंस स्टॉक में 9 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई। दरअसल यह पूरा मामला भारत के डिफेंस सिस्टम से जुड़ा हुआ है। चीन की जे-10सी लड़ाकू विमान निमार्ता कंपनी Avic Chengdu Aircraft Coके शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई, जो करीब 9% लुढ़क गए।

वहीं, सैन्य और नागरिक जहाज बनाने वाली चाइना शिपबिल्डर कॉरपोरेशन के शेयरों में 4% से ज्यादा की गिरावट आई। इलेक्ट्रॉनिक डिफेंस उपकरण बनाने वाली Zhuzhou Hongda Electronics Corp Ltd के शेयर भी 6% से अधिक टूट गए। बता दें कि यह कंपनी मिलिट्री डोन भी बनाती है और इसके ड्रोन का इस्तेमाल पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ किया जिसे भारत ने नाकाम कर दिया।

Zhuzhou मिसाइले भी बनाती है और पाकिस्तान ने इसी के बनाए ढछ-15 मिसाइलें दागी जिसे भारत ने आसमान में ही ध्वस्त कर दिया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि

## रोचक तथ्यों का करंट

- भारत के महाराष्ट्र राज्य में स्थित लोनर सरोवर हिन्दुस्तान में खारे पानी का सबसे बड़ा सरोवर है ।
- सबीर भाटिया ने हॉटमेल बनाई. हॉटमेल दुनिया का न.1 ईमेल प्रोग्राम है।
- गणित में सर्वाधिक महत्वपूर्ण नंबर जीरो की अवधारणा भारत ने ही दुनिया को दी।
- भारत शुरू से ही गरीब देश नहीं है. 17वीं शताब्दी के आस पास भारत विश्व के सबसे अमीर देशों की सूचि में था।
- भारत में प्रत्येक मिनट में 51 बच्चे पैदा होते है. प्रत्येक घंटे में 3,060 जन्म और प्रति दिन 73,440 बच्चे पैदा होते है यह यूरोपियन कंट्री स्वीडन की प्रति वर्ष पैदा होने वाली जनसंख्या के बराबर है।
- भारत ने दुनिया को योग दिया, जो कि 5000 वर्ष से भी अधिक पुराना है।
- पाई ($\pi$) के मान का पता सबसे पहले भारतीय गणितज्ञ बुधायन ने लगाया था. उन्होंने ही पाइथागोरस प्रमेय का विचार दिया था।
- सायद आप यह नहि जानते होंगे कि हमारे कपड़ों में लगने वाले बटन का आविष्कार भि भारत में ही हुआ था।

# भारत 6जी पेटेंट दाखिल करने वाले शीर्ष-6 देशों में शामिल, 5जी के मुकाबले 100 गुना तेज होगी स्पीड

**नई दिल्ली।** भारत 5जी के बाद अब 6जी तकनीक की दिशा में भी तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। खास बात है कि भारत अब 6जी पेटेंट दाखिल करने वाले दुनिया के शीर्ष छह देशों में शामिल हो गया है। केंद्रीय दूरसंचार राज्यमंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने बुधवार को कहा, भारत के पास प्रतिभाओं का विशाल भंडार और पर्याप्त समय है। 6जी में भारत के अग्रणी नहीं बनने का कोई कारण नजर नहीं आता है। भारत 6जी-2025 सम्मेलन में मंत्री ने कहा, 6जी टेराहट्र्ज आवृत्ति बैंड का उपयोग करेगा, जिससे डाटा हासिल करने की दर एक टेराबिट प्रति सेकंड होगी। यह रफ्तार 5जी की तुलना में 100 गुना तेज है। उन्होंने कहा, भारत में 111 से अधिक अनुसंधान परियोजनाओं को 300 करोड़ रुपये की मंजूरी राशि के साथ वित्तपोषित किया गया है। मंत्री ने कहा, भारत जैसे-जैसे वैश्विक प्रौद्योगिकी में अग्रणी बनने की दिशा में अपनी यात्रा जारी रखेगा, वैसे-वैसे 6जी प्रौद्योगिकी के साथ इसका आगे का रास्ता आने वाले दशकों के लिए देश की समृद्धि को परिभाषित करेगा। स्वदेशी 6जी का विकास यह सुनिश्चित करेगा कि हमारा संचार भारत में ही विकसित हो और पूरी तरह सुरक्षित रहे।




### एक लाख करोड़ डॉलर बढ़ जाएगी अर्थव्यवस्था

केंद्रीय दूरसंचार राज्यमंत्री ने कहा, 6जी पूरी तरह से नए उद्योगों का निर्माण करेगा और मौजूदा व्यवसायों में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। इस क्रांतिकारी परिवर्तन से 2035 तक देश की अर्थव्यवस्था में संभावित रूप से एक लाख करोड़ डॉलर का इजाफा होगा। उन्होंने आगे कहा, हमें एक ऐसे 6जी तंत्र का निर्माण करना है, जो

## राशिफल

**मेष:** संयत रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है।

**वृष:** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु आत्मविश्वास में कमी हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के लिए प्रयास करें। किसी पुराने मित्र का आगमन हो सकता है। किसी सम्पत्ति से धन प्राप्ति हो सकती है।

**कर्क:** कारोबारी कार्यों में मन लगेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखें। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। तरक्की के अवसर मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा।

**सिंह:** मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा, परन्तु वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार से धन लाभ में बढ़ोतरी होगी।

**कन्या:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार का विस्तार होगा। शासन सत्ता की सहयोग मिलेगा। लाभ में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे।

**तुला:** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। पिता के स्वास्थ का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**धनु:** आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। बातचीत में संयत रहें। नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर:** आत्मविश्वास से लवरेज रहेंगे, परन्तु मन परेशान हो सकता है। संयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** मन में निराशा एवं असन्तोष हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। वाहन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन:** भवन सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बातचीत में संयत रहें।

## चुटकुले

बंगाली बाबा को आधी रात में एक खूबसूरती लड़की फोनकर बोली...
सरकाई लियो खटिया जाड़ा लगे,
बंगाली बाबा- हेलो, कौन?
लड़की- भरो, मांग मेरी भरो...
बंगाली बाबा बिस्तर से उठकर बोला-क्या सही में मुझसे शादी करोगी?
लड़की- इस गाने को कॉलर ट्यून बनाने के 1 दबाएं....
बंगाली बाबा- गुस्से में भाग जा...

---

संता और बंता बात करते हुए
संता- यार कल रात घर देर से पहुंचा, बेल बजाई पर बीवी ने दरवाजा खोला ही नही!
पूरी रात सड़क पर गुजारी
बंता- फिर सुबह बीवी की खबर ली की नहीं?
संता....नही यार, सबेरे दारू उतरी तो याद आया,
अभी तो मेरी शादी ही नही हुई है,
और चाबी तो जेब मे थी!

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# आईसीसी ने किया प्राइज मनी का एलान, भारत को भी मिलेंगे करोड़ों




**नई दिल्ली।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2024-25 का फाइनल मुकाबला 11 से 15 जून के बीच लॉर्ड्स में खेला जाएगा। फाइनल मैच में साउथ अफ्रीका का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। फाइनल मुकाबे के लिए दोनों टीम अपने स्क्वाड का एलान कर चुकी हैं। इस बीच आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने प्राइज मनी का एलान कर दिया है। आईसीसी ने 2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए रिकॉर्ड तोड़ प्राइज मनी की घोषणा की है। फाइनल मुकाबले की कुल पुरस्कार राशि 5.76 मिलियन डॉलर होगी। यह पिछले दो डब्लूटीसी फाइनल (2023 और 2021) की पुरस्कार राशि से दोगुनी से भी अधिक है। डब्लूटीसी फाइनल जीतने वाली टीम को 3.6 मिलियन डॉलर (करीब 30 करोड़ रुपये) मिलेंगे। 2021 और 2023 में विजेता टीम को 1.6 मिलियन डॉलर प्राइज मनी दी गई थी। उपविजेता को 2.1 मिलियन डॉलर (करीब 18 करोड़ रुपये) मिलेंगे। भारतीय टीम तीसरे नंबर पर रही है। ऐसे में टीम को 12 करोड़ 33 लाख रुपये मिलेंगे। 9वें स्थान पर फिनिश करने वाली पाकिस्तान टीम को खाते में 4 करोड़ 11 लाख रुपये आएंगे।

जय शाह ने एक्स पर लिखा, यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच #डब्लूटीसी25 फाइनल के विजेता को 3.6 मिलियन डॉलर मिलेंगे, जबकि उपविजेता को 2.1 मिलियन डॉलर मिलेंगे। पुरस्कार राशि में की गई वृद्धि टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने और पिछले हळउ चक्रों से मिली गति को बनाए रखने के हमारे प्रयासों को दशार्ती है। दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और श्रीलंका पर सीरीज जीतकर डब्लूटीसी25 स्टैंडिंग में टॉप स्थान हासिल करके डब्लूटीसी फाइनल में जगह पक्की की। उन्होंने भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज भी ड्रॉ की। ऑस्ट्रेलिया ने घरेलू मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत को 3-1 से हराकर और पाकिस्तान को 3-0 से हराकर फाइनल में जगह पक्की की।

# इंग्लैंड के तीन धाकड़ बल्लेबाज बेंगलुरु टीम से जुड़े



**मुंबई।** आईपीएल 2025 का दूसरा चरण 17 मई से शुरू होगा। इसके लिए तैयारियां पूरी हो चुकी है। छह स्थानों पर ग्रुप चरण के शेष 17 मैच खेले जाएंगे। इस दौरान दो डबल हेडर के मुकाबले होंगे। लीग को दोबारा चालू करने पर सबसे बड़ी चुनौती विदेशी खिलाड़ियों को भारत लाने को लेकर थी। दरअसल, भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव को लेकर लीग को एक हफ्ते के लिए स्थगित किया गया था। तब लगभग ज्यादातर विदेशी खिलाड़ी वापस लौट गए थे। हालांकि, अब दूसरा चरण शुरू होने पर सभी फ्रेंचाइजी उन्हें वापस बुलाने पर जुटी हैं। इसी कड़ी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फैंस के लिए खुशखबरी सामने आई है। दरअसल, टीम के ज्यादातर विदेशी स्टार वापस भारत आ चुके हैं।

ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड भी अपने कुछ वेस्टइंडीज के साथियों के साथ भारत आ चुके हैं। इसके अलावा इंग्लैंड के तीन धाकड़ खिलाड़ियों की भी आरसीबी की टीम में वापसी हो चुकी है। सबसे बड़ा अपडेट जोश हेजलवुड को लेकर है। इस सीजन शानदार गेंदबाजी करने वाले हेजलवुड के आने को लेकर संशय था, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि वह आरसीबी के बाकी बचे मैचों को खेलने के लिए आने के लिए तैयार हो गए हैं। हालांकि, उनकी वापसी की तारीख का खुलासा नहीं हुआ है। हेजलवुड फिलहाल आरसीबी सबसे शानदार गेंदबाज रहे हैं। उनकी धारदार गेंदबाजी की बदौलत आरसीबी की टीम इस सीजन में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। दरअसल, आरसीबी के लिए इस सीजन कुछ मैचों को अपने दम पर जिताने वाले शेफर्ड आरसीबी से जुड़ने के लिए भारत आ चुके हैं। वह वेस्टइंडीज के अपने साथी खिलाड़ी आंद्रे रसेल, सुनील नरेन और ड्वेन ब्रावो के साथ भारत आए। रसेल और नरेन कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम का हिस्सा हैं, जबकि ब्रावो केकेआर के गेंदबाजी कोच हैं। इसके अलावा इंग्लैंड के लियम लिविंगस्टोन, फिल सॉल्ट और जैकब बेथेल भी आरसीबी की टीम से जुड़ चुके हैं। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी भी आरसीबी की टीम से जुड़ चुके हैं। हालांकि, गुजरात टाइटंस को बड़ा झटका लग सकता है क्योंकि रोमारियो शेफर्ड का भारत आना तय नहीं है। शेफर्ड को इंग्लैंड के खिलाफ 29 मई से शुरू हो रही वनडे सीरीज के वेस्टइंडीज की टीम में चुना गया है।

लिविंगस्टोन को इंग्लैंड की टी20 और वनडे टीम से बाहर कर दिया गया है। इसलिए वह आरसीबी के लिए पूरे सीजन उपलब्ध रहेंगे। वहीं, बेथेल को सिर्फ दो ही मैच खेलने को मिलेगा, क्योंकि उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम में चुना गया है। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज से सीरीज के लिए चुने गए खिलाड़ियों को 25 मई तक का नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (ठडउ) दिया है। बेथेल आरसीबी के केकेआर और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैचों में ही खेल सकेंगे। बेथेल को जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट मैच के लिए इंग्लिश टीम में नहीं चुना गया है, जिसकी शुरूआत 22 मई से हो रही है। वहीं, सॉल्ट आरसीबी के लिए सभी मैच खेल सकते हैं, क्योंकि उन्हें सिर्फ वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम में चुना गया है। इस सीरीज की शुरूआत छह जून से है। अगर आरसीबी की टीम फाइनल में पहुंचती है तो तीन जून को खिताबी मुकाबला होगा। एनगिडी का भी सभी मैच खेलना संदिग्ध है, क्योंकि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम में चुने हैं।

# 'रोहित-कोहली के संन्यास पर घबराने...', मांजरेकर ने सचिन-द्रविड़ और लक्ष्मण-गांगुली का किया जिक्र




**मुंबई।** रोहित शर्मा और विराट कोहली के अचानक टेस्ट से संन्यास लेने से पूरी दुनिया स्तब्ध है। इसने भारतीय क्रिकेट को एक मुश्किल परिस्थिति में डाल दिया है। इन दोनों के संन्यास लेने के साथ ही एक अध्याय का अंत हो गया। 2011 से लेकर 2014 तक जो भी नए खिलाड़ी भारतीय टीम में आए थे, उनमें से लगभग कुछ ने संन्यास ले लिया है और कुछ टीम से बाहर चल रहे हैं।

रोहित-कोहली से पहले अश्विन संन्यास ले चुके हैं। हालांकि, पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि विराट कोहली और संजय मांजरेकर के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि 'फैब-4' के विदा लेने के बाद भी भारतीय क्रिकेट ने वापसी की थी।

## मांजरेकर ने 'फैब-4' से तुलना की

मांजरेकर ने 'फैब फोर' ( सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण और सौरव गांगुली) की विदाई से इसकी तुलना की। उन्होंने इंस्टाग्राम वीडियो पर लिखा, 'मैं जानता हूं कि फैंस चिंतित होंगे। फैब फोर के संन्यास के बाद भी ऐसी ही चिंता थी, लेकिन कुछ साल बाद भारत दुनिया की नंबर एक टेस्ट टीम बना।' उन्होंने लिखा, 'जब तक भारत में खेल लोकप्रिय हैं और कई प्रतिभाशाली युवा भारत के लिए खेलने को बेताब हैं। ऐसे हजारों युवा हैं जो भारत के लिए खेलना चाहते हैं और उनमें काफी प्रतिभा भी है। भारतीय टीम के लिए खेलने तक का सफर आसान नहीं है और यहां तक पहुंचने वाले वाकई प्रतिभाशाली होंगे।'

## 'घबराने की जरूरत नहीं है'

मांजरेकर ने कहा, 'इसमें समय लगेगा, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। फैब फोर के जाने के बाद क्या हुआ था। हमारी गेंदबाजी बेहतर हुई। यहां भी ऐसा हो सकता है। नए सितारे आएंगे और नए गेंदबाज भी। भारत दुनिया की आला टीमों में बना रहेगा।' उन्होंने कहा, 'मौजूदा भारतीय टीम को इस नजरिये से भी देखा जा सकता है जिसमें विराट और रोहित टीम का हिस्सा थे, लेकिन हम अपनी धरती पर न्यूजीलैंड से 3-0 से हारे और ऑस्ट्रेलिया में बुरी तरह हारे। इस टीम के साथ हमारे पास खोने के लिए कुछ नहीं है। नई भारतीय टीम को शुभकामनाएं।'

# कप्तानी से हटने के बाद मुंबई के लिए बेहतर बल्लेबाजी कर रहे रोहित? औसत और स्ट्राइक रेट में हुआ सुधार



**मुंबई।** आईपीएल 2025 के दूसरे चरण की शुरूआत 17 मई से होने जा रही है। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव की वजह से इसे हफ्ते के लिए स्थगित किया गया था। हालांकि, दुनिया की इस सबसे बड़ी क्रिकेट लीग की वापसी को लेकर फैंस में उत्साह है। अंक तालिका में फिलहाल गुजरात टाइटंस की टीम शीर्ष पर है। वहीं, आरसीबी दूसरे और पंजाब तीसरे स्थान पर है। मुंबई इंडियंस की टीम ने लीग में पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी की और अंक तालिका में फिलहाल चौथे स्थान पर हैं। इसका श्रेय टीम के ओपनर रोहित शर्मा को भी जाता है, जिन्होंने शुरूआती पांच मैचों में फेल रहने के बाद जबरदस्त वापसी की और पिछले पांच मैचों में तीन अर्धशतक जड़े। पिछले साल यानी 2024 में मुंबई की कप्तानी से हटाए जाने के बाद से रोहित ने खूब रन बनाए हैं। आंकड़े गवाह हैं कि कप्तानी छोड़ने के बाद से उनके औसत और स्ट्राइक रेट में बढ़ोतरी हुई है।

## रोहित के आंकड़े सुधरे

रोहित ने 2017 से लेकर 2023 तक मुंबई इंडियंस की कप्तानी करते हुए 100 पारियों में 24.6 की औसत और 127.4 के स्ट्राइक रेट से 2337 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 13 बार 50 से ज्यादा के स्कोर बनाए। वहीं, 94 छक्के लगाए। वहीं, साल 2024 से लेकर अब तक रोहित ने 25 पारियों में 31.17 की औसत और 150.9 के स्ट्राइक रेट से 717 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने पांच बार 50 से ज्यादा के स्कोर बनाए हैं। साथ ही उन्होंने 40 छक्के भी लगाए हैं। यानी कप्तानी छोड़ने के बाद से उन पर से दबाव हटा है और वह खुलकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। इस आईपीएल में मुंबई की टीम उन्हें बतौर इम्पैक्ट प्लेयर इस्तेमाल कर रही है और इसका फायदा उन्हें मिला है। वह मैदान पर फील्डिंग करते हुए थकते नहीं हैं और अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल बल्लेबाजी के दौरान करते हैं।

रोहित की कप्तानी में मुंबई इंडियंस की टीम 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में खिताब जीत चुकी है। हालांकि, साल 2024 में मुंबई टीम मैनेजमेंट ने उन्हें हटाकर हार्दिक पांड्या को कप्तानी सौंपी थी। पिछले साल मुंबई का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। हालांकि, इस साल टीम अच्छा कर रही है। रोहित ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था। वह पिछले साल टी20 अंतरराष्ट्रीय से भी संन्यास ले चुके हैं। लीग में वह सिर्फ आईपीएल में खेलते दिखते हैं। वहीं, भारत के लिए अब वह सिर्फ वनडे में खेलते दिखेंगे।

# सुपरबेट क्लासिक में प्रज्ञानंद संयुक्त रूप से शीर्ष पर, गुकेश को अब भी पहली जीत की तलाश



**नई दिल्ली।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने बुधवार को ग्रैंड शतरंज टूर के सुपरबेट क्लासिक के सातवें दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के साथ ड्रॉ खेलकर अपनी संयुक्त बढ़त बरकरार रखी। संभावित सात में से चार अंक लेकर प्रज्ञानंद अमेरिका के फैबियानो करुआना, फ्रांस के मैक्सिम वचियेर-लाग्रेव और फिरोजा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

विश्व चैंपियन डी गुकेश का प्रतियोगिता में जीत का इंतजार जारी रहा। उन्होंने अमेरिका के वेस्ली सो के साथ ड्रॉ खेला। टूनार्मेंट में दो और दौर का खेला बाकी है और ऐसा लगता है कि शीर्ष पर चल रहे चार खिलाड़ियों में से कोई एक ट्रॉफी और एक लाख अमेरिकी डॉलर की शीर्ष पुरस्कार राशि जीत सकता है।

सात बाजी में सिर्फ ढाई अंक के साथ गुकेश स्पष्ट रूप से प्रतियोगिता में छाप छोड़ने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# डायमंड लीग के दोहा चरण से अभियान का आगाज करेंगे नीरज, प्रतिभागियों में जेना भी शामिल



**नई दिल्ली।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा शुक्रवार को यहां अपने डायमंड लीग अभियान की शुरूआत करेंगे तो उनकी नजरें इस साल के आखिर में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में खिताब बरकरार रखने पर लगी होंगी। भारतीयों के बड़ी तादाद में होने से चोपड़ा को यहां काफी समर्थन मिलेगा। उनका सामना दो बार के विश्व चैम्पियन और 2024 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स, चेक गणराज्य के याकूब वाडलेश, जर्मनी के जूलियन वेबर और मैक्स डेहनिंग, कीनिया के जूलियस येगो और जापान के रॉडरिक जेंकी डीन से होगा। ये सभी बड़ी स्पधाओं में नीरज के प्रतिद्वंद्वी रह चुके हैं। पेरिस ओलंपिक 2024 के स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम इसमें भाग नहीं ले रहे हैं। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारत के ही किशोर जेना भी 11 प्रतियोगियों में से हैं। जेना का सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 87.54 मीटर है जो पिछली बार यहां 76.31 मीटर का थ्रो लगाकर नौवे स्थान पर रहे थे। वाडलेश ने यहां 88.38 मीटर के थ्रो के साथ खिताब जीता था जबकि चोपड़ा दो सेंटीमीटर पीछे रहे थे। पीटर्स 86.62 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर थे।

टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने सबसे पहले 2018 में यहां डायमंड लीग में भाग लिया था और चौथे स्थान पर रहे थे। उन्होंने 2023 में यहां खिताब जीता और 2024 में दूसरे स्थान पर रहे। विश्व रिकॉर्डधारी कई बार के ओलंपिक चैम्पियन चेक गणराज्य के जान जेलेज्नी से कोचिंग ले रहे चोपड़ा ने कहा, 'कतर में भारतीयों से मिलने वाले समर्थन से मैं हमेशा अभिभूत रहता हूं । मेरे पास उनका धन्यवाद करने के लिये शब्द नहीं हैं।'

नीरज का सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 89.94 मीटर है और वह इस बार 90 मीटर की बाधा पार करना चाहते हैं। जेलेज्नी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 98.48 मीटर रहा है। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी गुलवीर सिंह और पारूल चौधरी क्रमशः पुरूष और महिलाओं की 5000 और 3000 मीटर स्टीपलचेस में उतरेंगे। नीरज, पीटर्स, येगो, डीन और जेना को 24 मई को बेंगलुरू में नीरज चोपड़ा क्लासिक खेलना था लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण उसे स्थगित कर दिया गया। नीरज इसके बाद पोलैंड में ओरलेन जानुज कुसोसिंकी स्मृति टूनार्मेंट खेलेंगे। वह 24 जून से चेक गणराज्य में गोल्डन स्पाइक 2025 में भाग लेंगे जहां पिछले दो सत्र में वह चोट के कारण नहीं खेल सके थे।

# इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया ए के स्क्वॉड के ऐलान में क्यों हो रही है देरी?



**नई दिल्ली।** भारत के इंग्लैंड दौरे के आगाजा 20 जून से होने जा रहा है, मगर इससे पहले इंडिया ए की टीम को इंग्लैंड टूर पर तीन मैच खेलने हैं। दो मैच इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ तो एक इंडिया की सीनियर टीम के खिलाफ।

इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ जो दो मैच होने वाले हैं उसमें सीनियर टीम के खिलाड़ी, जैसे यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल, इंग्लिश कंडीशन में ढलने के लिए हिस्सा ले सकते हैं। इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ पहला मैच 30 मई से शुरू होना है, वहीं दूसरा मुकाबला 6 जून से होगा। हालांकि अभी तक इसके लिए बीसीसीआई ने स्क्वॉड का ऐलान नहीं किया है। अब स्क्वॉड का ऐलान होने में देरी की वजह सामने आई है। स्क्वॉड के ऐलान में देरी की वजह से आईपीएल को बताया जा रहा है। दरअसल, भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के चलते एक हफ्ते के लिए इस रंगारंग लीग को स्थगित कर दिया था, अब 17 जून से टूनार्मेंट फिर बहाल होगा। 1 हफ्ते सस्पेंड होने की वजह से शेड्यूल में भी बदलाव हुआ है। अब 25 मई की जगह फाइनल 3 जून को खेला जाएगा।


## निविदा सूचना

ट्रास्कफोर्स 47पीएसी गाजियाबाद में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सील बन्द निविदायें दिनांक 22-05-2025 को 12 :00 बजे तक आमंत्रित की जाती है :-

मानक मद 29-अनुरक्षण में व्यय हेतु प्रस्ताव का प्रारूप (वित्तीय वर्ष-2025-26)

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि रू. में |
|---|---|---|
| 1 | टाईप चतुर्थ आवास के स्नानागार के गेट की बदली / मरम्मत का कार्य। | 7800 |
| 2 | टाईप चतुर्थ आवास की खिडकियों में झाप / लोहे की फ्रेमिंग लगाये जाने का कार्य | 20000 |
| 3 | टाईप चतुर्थ आवास की खिडकियों में लोहे की फ्रेमिंग पर फाईबर सीट लगाये जाने का कार्य | 48000 |
| 4 | प्रशासनिक भवन में स्थापित पुरूष शौचालय में 01 वेस्टर्न शीट लगाये जाने का कार्य, शौचालय के टूटे फर्श के स्थान पर टाईल्स लगवाये जाने का कार्य। | 30236 |
| 5 | वाहिनी स्थित टाईप-4 के आवास में 02 शौचालयों में दीवारों की मरम्मत सम्बन्धी कराये जाने का कार्य | 2371 |
| 6 | वाहिनी स्थित टाईप-4 के आवास में 02 शौचालयों का प्लास्टर वर्क कराये जाने का कार्य | 50000 |
| 7 | वाहिनी बारबर शॉप के बाहर लगे वेन्टीलेटर/बाहरी खिडकी में 01 शीशा लगवाये जाने का कार्य, शौचालय में सिस्टर्न बदली का कार्य, शौचालय में सप्लाई पाईप की फिटिंग का कार्य एवं शौचालय में टूटे फर्श के स्थान पर टाईल्स लगवाये जाने का कार्य। | 16589 |
| 8 | वाहिनी बारबर शॉप को आधुनिक बारबर शॉप बनवाये जाने हेतु समस्त दीवारों एवं छतों पर पी०वी०सी० पैनल लगाये जाने का कार्य, फर्श की विशेष मरम्मत / टाईल्स लगाये जाने का कार्य, दरवाजों की मरम्मत / एटुमीनियम डोर लगवाये जाने का कार्य एवं बारबर शॉप के बाहर मरम्मत कर रंगाई पुताई का कार्य। | 185562 |
| 9 | रेडियो परिसर की सम्पूर्ण छत की मरम्मत का कार्य। | 177500 |
| 10 | आकांक्षा-22 में 02 दुकानों की दीवार हेतु ब्रिक वर्क एवं प्लास्टर की मरम्मत किये जाने का कार्य | 41945 |
| 11 | आकांक्षा-22 में 02 दुकानों की दीवार पर सफेद सीमेन्ट की पुटटी कराये जाने का कार्य | 16574 |
| 12 | वाहिनी चिकित्साधिकारी एवं फार्मासिस्ट के कक्ष में टाईल्स लगाये जाने का कार्य। | 54000 |
| | योग | 06,71,922/ |

पत्र संख्या- प-23/25
मई दिनांक 15,2025

सेनानायक
टॉस्क फोर्स 47वीं पीएसी
गाजियाबाद।


# ऑटो चालक के बेटे ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स के ट्रिपल जंप में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** संघर्षों की भट्टी में तपकर कुंदन बनने की कहानी को चरितार्थ करते हुए शेख जिशान ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स के ट्रिपल जंप में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। एक ऑटो चालक के बेटे की यह शानदार उपलब्धि न केवल उसके परिवार के लिए बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश और वाराणसी के खेल समुदाय के लिए गर्व का पल है।

बिहार के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित एथलेटिक्स ग्राउंड में 12 से 14 मई तक आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए, शेख जिशान ने बुधवार को ट्रिपल जंप इवेंट में अपना दमखम दिखाया। उन्होंने 15.66 मीटर की छलांग लगाकर न सिर्फ स्वर्ण पदक जीता, बल्कि एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी कायम किया। शेख जिशान वर्तमान में वाराणसी के विकास इंटर कॉलेज, परमानंदपुर में अध्ययनरत हैं। उनका पैतृक गांव प्रयागराज जनपद के सिसई सिपाह, पोस्ट नसरतपुर में है।

जिशान के पिता अमीनुद्दीन मुंबई में ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनकी मां एक गृहिणी हैं। जिशान के दो भाई और तीन बहनें हैं। आर्थिक चुनौतियां होने के बावजूद, जिशान ने हार नहीं मानी और अपने सपनों को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाया।

खेल के प्रति जिशान का लगाव अपने गांव में लोगों को खेलते देखकर ही पनपा था। इस जुनून ने उन्हें एथलेटिक्स में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। जुलाई 2022 से, वह खेल विभाग उत्तर प्रदेश की ओर से संचालित एथलेटिक्स छात्रावास, डॉ. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम, बड़ा लालपुर, वाराणसी में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यहां उन्हें एथलेटिक्स प्रशिक्षक डॉ. मंजूर आलम अंसारी का मार्गदर्शन मिल रहा है, जिन्होंने जिशान की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## यूपी बास्केटबॉल टीम पहुंची फाइनल में

बिहार में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में उत्तर प्रदेश की बास्केटबॉल पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इसमें काशी के तीन खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा है। यूपी टीम में यूपी कॉलेज स्थित भारतीय खेल प्राधिकारण (साई) सेंटर में प्रशिक्षण ले रहे तीन खिलाड़ियों भी शामिल हैं। क्षेत्रीय उप निदेशक सुधांशु द्विवेदी ने बताया कि इनमें चंदौली के राज सिंह, संतअतुलानंद विद्यालय के सुमित सिंह और वाराणसी के प्रणव सिंह शामिल हैं।

## हॉकी में अभिजीत को रजत पदक

खेलो इंडिया नेशनल यूथ गेम्स में उत्तर प्रदेश की हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस पदक विजेता टीम में जिले के होनहार खिलाड़ी अभिजीत पाल भी शामिल रहें, जिन्होंने फॉर्वर्ड खिलाड़ी के तौर पर टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विकास इंटर कॉलेज, परमानंदपुर के छात्र अभिजीत पाल वाराणसी के डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल, बड़ा लालपुर में हॉकी का प्रशिक्षण लेते हैं। वह कोच अकरम महमूद की देखरेख में लगातार अपनी खेल प्रतिभा को निखार रहे हैं।

## राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में डॉ. अंजना का चयन

बनारस की प्रख्यात योग प्रशिक्षक डॉ. अंजना त्रिपाठी का चयन राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता आगामी 15 जून को दिल्ली में आयोजित की जाएगी। डॉ. अंजना त्रिपाठी उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह प्रतियोगिता अखिल भारतीय योग महासंघ द्वारा पहली बार आयोजित की जा रही है।

## शीर्ष भारतीय साइकिलिस्ट ईसो अल्बान को दो बाइक सवारों ने टक्कर मारी, ट्रेनिंग के दौरान की घटना

**नई दिल्ली।** शीर्ष भारतीय साइकिल राइडर ईसो अल्बान को बुधवार को इंदिरा गांधी खेल परिसर के पास सड़क पर ट्रेनिंग के दौरान दो बाइक सवारों ने पीछे से टक्कर मार दी लेकिन सौभाग्य से उन्हें ह्यमामूलीह्ल चोटें ही लगी। अंडमान एवं निकोबार द्वीप के 24 वर्षीय ईसो साइ साइकिलिंग अकादमी में रहते हैं और ट्रेनिंग लेते हैं जिसमें एक शीर्ष श्रेणी का वेलोड्रोम है। इंदिरा गांधी खेल परिसर में स्थिति इस सुविधा को वैश्विक संचालन संस्था यूसीआई से मान्यता मिली है। ईसो ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, 'ट्रेनिंग के दौरान दो बाइक सवारों ने मुझे पीछे से टक्कर मार दी। वे 100 किमी प्रति घंटा से अधिक की गति से गाड़ी चला रहे थे। मैं अपनी लेन में था। ध्यान केंद्रित कर रहा था। अनुशासित था। फिर भी उन्होंने मुझे दोषी ठहराया और कोई खेद नहीं दिखाया।' उन्होंने कहा, 'आभारी हूं कि मैं सुरक्षित हूं, केवल कुछ खरोंचें आई हैं।' टक्कर से ईसो के कूल्हे और हाथों पर चोटें आईं तथा उनकी साइकिल का पिछला पहिया टूट गया। भारतीय साइकिलिंग महासंघ के महासचिव मनिंदर पाल सिंह ने कहा कि यह एक मामूलीह्ल दुर्घटना थी और ईसो अब ठीक है।

# मोबाइल चोरी करने वाले 4 गिरफ्तार 3 लाख के 20 मोबाइल बरामद

## भीड़ भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं को करते थे टारगेट

**नोएडा (करंट क्राइम)।** थाना फेज-3 पुलिस ने चार शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 3 लाख के मोबाइल फोन बरामद किए गए है। इनकी संख्या करीब 20 है। ये मोबाइल महिलाओं से लूटे और बैग से चोरी किए गए है। ये चारों संयुक्त रूप से किसी महिला को टारगेट करके भीड़ भाड़ वाले स्थान या बाजार में चोरी की घटना की है। वहीं राह चलती महिलाओं से भी मोबाइल छीने है। डराने के लिए अपने पास चाकू रखते है। पिछले दो साल से इस तरह की घटनाएं कर रहे है। इनका डेटा अन्य जिलों और राज्यों में भेजा जा रहा है। एडीसीपी हृदयेश कठेरिया ने बताया कि लोकल इंटल मिलने के बाद मुखबिर को



एक्टिव किया इसके बाद एम ब्लाक मामूरा सर्विस रोड के पास से चारों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान आकाश, प्रशान्त उर्फ जोबलिन, वंश और अजय उर्फ सिनचौन हुई है। आकाश इनका सरगना है। आकाश ने ही इस तीनों को मिलाकर एक गिरोह बनाया और दो साल से इस तरह की घटनाएं कर रहे है। आपस में बातचीत करने के लिए ये लोग वॉट्सऐप कॉल करते थे। ताकि पुलिस इनको ट्रैक न करे। दुकान पर बेचते थे मोबाइल ये लोग चोरी के मोबाइल को एक दुकान पर बेचते थे। जिसको ट्रैक कर लिया गया है। जल्द ही उसकी गिरफ्तारी की जाएगी। इसके अलावा राह चलते लोगों को भी कम दाम पर मोबाइल बेच देते थे। इनका आपराधिक इतिहास खंगालने के लिए आसपास के जिलों और राज्यों को इनका डेटा भेजा गया है। जल्द ही जानकारी मिलेगी।

# बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए एक्शन प्लान

## 5 रैपिड रिस्पांस टीम गठित, प्रवासी पक्षियों और वेट मार्केट पर नजर

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में बर्ड फ्लू के संभावित खतरे को देखते हुए प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में हुई टास्क फोर्स की बैठक में पांच रैपिड रिस्पांस टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में एक पशु चिकित्साधिकारी को टीम लीडर बनाया गया है। टीम लीडर के साथ चार सदस्यीय स्टाफ काम करेगा।



ये टीमें संक्रमित या संदिग्ध क्षेत्रों में सैंपलिंग, निरीक्षण और रिपोर्टिंग करेंगी। प्रशासन ने पोल्ट्री फार्म संचालकों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पक्षियों की असामान्य मृत्यु या बीमारी की स्थिति में तुरंत पशु चिकित्सा अधिकारी को सूचित करना होगा। संदिग्ध स्थिति में पीपीई किट पहनकर ही निरीक्षण किया जाएगा। बॉर्डर एरिया में निगरानी राजकीय पशु चिकित्सालय, सदर हापुड़ में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. ओमवीर सिंह इसका संचालन कर रहे हैं। कंट्रोल रूम से 7417315284 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। शीतकाल में प्रवासी पक्षियों के आने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए बॉर्डर एरिया, वेट मार्केट्स और जलाशयों पर विशेष नजर रखी जा रही है। संदिग्ध मामलों में मृत या रोगग्रस्त पक्षियों का विच्छेदन नहीं किया जाएगा। जांच के लिए 5 मृत और 10 स्वस्थ पक्षियों के सैंपल भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा रोग संस्थान भेजे जाएंगे।




### फूल वालों की तरकरार में बुल्डोजर चल गया फूल बाजार में

अभी तक जो बुल्डोजर कैला भट्टा में अवैध निर्माण तोड़ रहा था। अभी तक जो बुल्डोजर चांदमारी में झुग्गियां तोड़ रहा था। वो बुल्डोजर उस इलाकें में पहुंचा जहां लोकसभा सांसद रहते हैं, एमएलसी रहते हैं। पूर्व मेयर रहती हैं, पूर्व राज्यसभा सांसद रहते हैं और उसने फूल वालों के बाहर रखें फूलों को रौंद दिया। बताया जाता है कि 100 के नोट से तकरार शुरू हुई और निगम वाली सरकार से भी पूछा नहीं गया और कार्यवाही हो गई। दरअसल सीवर वाले महकमें के एक इंस्पेक्टर फूल लेने आये थे। जिस फूल वाले से फूल लिये वो भी पोलिटिक्ली फूल वाला था और बताया जाता है कि शर्मा जी फ्लावर वालों का भाई मंडल में मिनिस्टर वाली लिस्ट में है। अब ट्विस्ट ये रहा कि इंस्पेक्टर को 100 रुपए ज्यादा लगे और फूल वालों ने कम नहीं किये। और नतीजा ये हुआ कि अगले दिन बुल्डोजर आ गया। जब बुल्डोजर निकला तो मुखिया से पूछा भी नहीं गया और सितम ये हुआ कि जिन 11 दुकानों पर ये बुल्डोजर चला। उनमें एक कांग्रेसी को छोड़कर सारे फूल वाले हैं। जिनका बर्फ का संसार है वो ध्वज प्रणाम वाले हैं। एक फल वाले हैं और एक पूर्व पार्षद भी हैं। 100 रुपए के फूल के चक्कर में 11 फूल वालों पर बुल्डोजर चल गया। अब फूल वालों की वीआईपी बस्ती में ये किस्सा गूंज रहा है कि कहां गया फूल वालों से लेकर ध्वज प्रणाम वालों का जलवा। सब देखते रह गये और इंस्पेक्टर का बुल्डोजर बना या फूलों का मलबा।

### झोपड़ी तो पहले भी थी बस उन्हें दिखाई अब दी है

चौधरी साहब इन दिनों झोपड़ी वालों पर अब बड़ी कार्यवाही चाहते हैं। पुलिस कप्तान को भी लैटर दे आये, मैटर बता आये। मगर सितम ये कि संज्ञान भी नहीं लिया गया। फूल वाले ही पूछ रहेहैं कि उनके घर के सामने तो झुग्गियां भी नहीं है और सड़क के उस पार झुग्गी थी वहां लट्ठ कूटने के बाद नदिया पार वाले चौधरी ने कई महीने डासना जेल में ही बिताये। अब ऐसा क्या हो गया कि झुग्गियों को लेकर चौधरी साहब एक्शन मोड में है। जब वो मेयर थे झुग्गियां तो तब भी थी और साहिबाबाद थाने का पुराना रिकार्ड बता देगा कि अवैध बांग्लादेशी पकड़े भी गये और जेल भी गये। ये सब कुछ ऑन रिकार्ड है लेकिन तब वो क्यों साईलेंट थे। फूल वालों ने ही कहा कि हमने माना कि झुग्गियां पहले भी थी लेकिन दिखी तो उन्हें अब हैं। आप उनकी एडवाईज पर ध्यान दो और उनके जज्बे को अदरवाईज मत लो। अगर वो अवैध घुसपैठियों का मामला उठा रहे हैं तो ये झुग्गियों के होने या ना होने से बड़ा मामला है।

### विधानसभा चुनाव से पहले घोषित हो जायेगी कांग्रेस की टीम

हाथ वालों ने अपने जिला और शहर कप्तान ही बदल दिये। अब उन्होंने पूर्व पार्षद को सिटी की कमान दी और डासना वालों को जिला सौंप दिया। जिले का तो पता नहीं लेकिन शहर में अभी तक टीम के गठन की ही बात हो रही है। वार्ड, बूथ, सक्रिय और समर्पण जैसे शब्द आये तो पुराने कांग्रेसी ने ही तफरी ली। उसने कहा कि समर्पित तो समझ में भी आता है लेकिन सक्रिय तो वो भी नहीं थे जिन्हें कमान सौंपी है। उसने कहा कि जितना बारीक चरखा यहां चल रहा है उस हिसाब से मुझे लगता है कि वर्ष 2027 के चुनाव से पहले टीम घोषित हो जायेगी। हो सकता है कि 4 दिन पहले टीम घोषित हो और 4 दिन बाद उम्मीदवार घोषित हो। ऐसा भी हो सकता है कि उम्मीदवार पहले घोषित हो जाये और टीमों की घोषणा चुनाव वाली प्रेस कान्फ्रेंस में ही पड जाये। एक तो यहां पहले ही कार्यकर्ता नहीं मिल रहे और ऊपर से बड़े नेताओं ने जो तकमिन्ने काट रखे हैं उससे लगता है कि चुनाव के उम्मीदवार की घोषणा और महानगर और जिले की टीम की घोषणा एक साथ ही ना जो जाये।

# उजागर फाउंडेशन के बैनर तले इंदिरापुरम के स्वयंसेवियों ने की नगर आयुक्त से मुलाकात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उजागर फाउंडेशन की अध्यक्ष शिवानी जैन व महासचिव सचिन सोनी के साथ इंदिरापुरम क्षेत्र की विभिन्न सोसाइटियों के निवासियों ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से मुलकात कर उन्हें अतिक्रमण, टूटे साइकिल ट्रैक, बंद व टूटी पड़ी नालियों, सड़कों व क्षेत्र की साफ-सफाई पर चर्चा की। फाउंडेशन की अध्यक्ष ने नगरायुक्त को बताया कि इंदिरापुरम क्षेत्र की सभी सोसाइटियों के बाहर सड़कों पर अतिक्रमण आम बात है लेकिन शिप्रा विष्टा और सृष्टि के बीच बनी सड़कों में से एक सड़क पर तो स्थायी अतिक्रमण जैसी स्थिति है। फल संचालकों, (सब्जी विक्रेताओं) ने एक सड़कों को पूरी तरह बंद कर रखा है। उजागर फाउंडेशन द्वारा प्रभारी मंत्री असीम अरुण को पत्र देकर सड़क बीच लगने वाली सब्जी मंडी को सड़क से हटाकर अन्य स्थान पर विस्थापित किए जाने का अनुरोध किया गया था जिस पर कार्यवाही करते हुए जनवरी माह में ठेलों को हटाकर सड़क को पूरी तरह खाली

**टूटे साइकिल ट्रैक, सड़क अतिक्रमण और गंदे नालों आदि के संबंध में की चर्चा**

कराकर इंदिरापुरम कोतवाली के पीछे लगवा दिया गया था किन्तु वर्तमान में पुन: पहले जैसी स्थिति हो गयी है। फाउंडेशन के महासचिव ने बताया कि नगर आयुक्त ने समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद उपस्थित लोगों से कहा कि वो इन समस्याओं के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों से वार्ता कर जल्द ही आपको व अधिकारियों का एक समूह बनवाएंगे जिसमें आप अपनी समस्या और सुझाव उसमें साझा कर सकेंगे। इस मौके पर अमर पाली विलेज राकेश कुमार, सुषमा गंगवार शिप्रा सनसिटी मुख्य रूप से रहे।

# रेडक्रॉस सोसाइटी के चार सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी से की मुलाकात

## पुलिस-पब्लिक मैत्री और गाजियाबाद की दशा और दिशा सुधारने पर की गई चर्चा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी गाजियाबाद इकाई के सभापति रो. डॉ. सुभाष गुप्ता के नेतृत्व में चार सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में नवागत अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी से सौहार्दपूर्ण भेंट की। रेडक्रॉस सभापति के साथ कार्यकारिणी सदस्य विजय नामदेव (प्रधान प्रतिनिधि ग्राम मोहिदिनपुर), धवल गुप्ता (अध्यक्ष सेवा भारती विवेकानंद विद्या मंदिर नंदग्राम) व आशुतोष (आर्टिफिशल इंटैलिजेंट) ने गाजियाबाद की दिशा और दशा सुधारने के लिए विभिन्न पहलूओं पर विस्तृत चर्चा की। रेडक्रॉस द्वारा पुलिस पब्लिक मैत्री की कड़ी के अंतर्गत साइबर क्राइम पर वर्कशॉप का आयोजन तथा युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव के जनजागरण अभियान चला रहे हैं और भविष्य में भी निर्बाध रूप चलाने के लिए पुलिस अधिकारी द्वारा पुलिस का पक्ष रखा गया। सेवा के किसी भी पक्ष को जनमानस तक पहुंचाने के लिए गाजियाबाद पुलिस को किसी भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की आवश्यकता है तो उसके लिए आशुतोष ने अपनी सेवाएं देने का पूरा आश्वासन दिया। भेंट का सारांश है कि पुलिस पब्लिक मैत्री का संदेश घर घर तक पहुंचने में रेड क्रॉस अहम भूमिका निभाएगा।

# सुपरवाइजर्स एसोसिएशन उप्र की बैठक आयोजित हुई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुपरवाइजर्स एसोसिएशन उप्र जिला ईकाई गाजियाबाद की बैठक गुरुवार को सम्पन्न हुई। समस्त मुख्य सेविकाओं द्वारा निम्नलिखित मुद्दे उठाये गये। समस्त मुख्य सेविकाओं की पीपीएफ पासबुक पूर्ण कराकर अवलोकित कराने की कृपा करें। समस्त मुख्य सेविकाओं की मानव सम्पदा पोर्टल पर प्रति कलेन्डर वर्ष के अनुसार आकस्मिक अवकाश, उपार्जित अवकाश, चिकित्सीय अवकाश व अन्य अवकाश अपडेट कराने का कष्ट करें जिसने सर्विस बुक व मानव सम्पदा के अवकाशों का मिलान हो सके। मानव सम्पदा पर परिवार विवरण सर्विस हिस्ट्री, नोमिनी डिटेल अपडेट कराने की कृपा करें।

# ऑनलाइन बिक्री माध्यम एवं दुष्प्रचार पर लगे अंकुश : व्यापारी सुरक्षा फोरम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कारोबारी ट्रेडर एवं उद्यमी वर्ग सदा राष्ट्र हित का शुभचिंतक है। व्यापार के माध्यम से कश्मीर से कन्या कुमारी तक जरूरत की सभी वस्तुएं प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर जन-जन तक पहुंचा कर वितरण व्यवस्था का बड़ा सहयोगी है। विकेंद्रीकृत खुदरा अर्थव्यवस्था बाजारों में उपभोक्ता एवं कारोबारी के माध्यम से निरंतर विषम परिस्थितियों में भी देश हित में सहायक होती है। आज देश में परंपरागत बाजारों के स्थान पर टीवी मोबाइल एवं अन्य प्रचार माध्यमों के द्वारा दैनिक उपयोग की वस्तुएं विक्रय होने का चलन तेजी से बढ़ा है। स्पॉन्सर्ड प्रचार माध्यमों से वस्तु की अत्यधिक प्रशंसा करके उपभोक्ता को गुमराह किया जा रहा है। जो निश्चित रूप से उपभोक्ता के हितों के लिए घातक है। फ्री होम डिलीवरी के नाम से देसी-विदेशी बड़े दुकानदार बाजारों की चहल-पहल को खत्म कर रहे हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में भी बहुत ज्यादा प्रचार से छोटी-मोटी दवाइयां को महंगे दामों पर उपभोक्ताओं को बेचा जा रहा है। दैनिक उपयोग की लगभग अधिकांश वस्तुएं ऑनलाइन बाजार में उपलब्ध हैं। समय रहते संज्ञान में लेकर सरकार को अंकुश लगाने हेतु निर्णय लेने होंगे।

# आउट रिच वर्करों ने गाजियाबाद के लेबर चौक पर लगाया स्वास्थ्य शिविर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रमते राम रोड स्थित लेबर चौक पर गुरुवार को डॉक्टर ओपी अग्रवाल के नेतृत्व में पंडित अशोक भारतीय, युवा भाजपा नेता सौरभ यादव आदि के द्वारा महिला आउट रिच वर्कर खुशबू, सुदेश रानी आदि के द्वारा एक स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में एचआईवी की जांच की गई तथा सभी को मुफ्त दवाई वितरित की गई। सभी से सदैव समय-समय पर जांच कराकर स्वास्थ्य लाभ उठाने का आह्वान किया गया। स्वास्थ्य शिविर में स्थानीय गरीब मजदूरों ने कैंप के आयोजन की सरहाना की।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर पार्षद कुसुम मनोज गोयल के नेतृत्व में निकाली विजय यात्रा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी में पार्षद कुसुम मनोज गोयल के नेतृत्व में विजय यात्रा निकाली गई, जो लगभग 3 किलोमीटर चली। विजय यात्रा हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए ढोल नगाड़ों पर और बैंड बाजे की धुन पर आतिशबाजी करते हुए। यात्रा में कौशांबी के समस्त क्षेत्र के निवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया जयपुरिया एनक्लेव गंगा टावर सतपुड़ा नंदा शिवालिक त्रिशूल कैलाश कामदगिरि पंचमणि उदयगिरि कंचनजंगा विंध्याचल गोवर्धन मलयगिरी सुमेरू हिमगिरी निलगिरी शिप्रा सुपरटेक राज एजेंसी शिप्रा हजूर तथा प्लॉट एरिया डी ब्लॉक ए ब्लॉक बी ब्लॉक सी ब्लॉक के निवासियों ने इस यात्रा में भाग लिया।बिस अवसर पर दीपक गुप्ता, अजीत सिंह नारंग मुख्य रूप से यात्रा में शामिल रहे। वही हिमगिरी टावर पंचमणि टावर द्वारा इस यात्रा का स्वागत किया गया। और जगह-जगह पर ठंडे पेय और मिठाई द्वारा और फूलों द्वारा इस यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुनील गांधी, विनय महेश्वरी, देवेंद्र भार्गव, चंद्र प्रकाश, पप्पू चौपाल, राकेश जकेतिया, गौरव वर्मा, मुकुल गुप्ता, राजन मल्होत्रा, नरेश मिगलानी आदि लोग मौजूद रहे।




# अब पुलिस लाइन में होंगे दो आरआई

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अब पुलिस लाइन की व्यवस्था देख रहे एक और आरआई अन्य वर्क को देखने के लिए आ चुके हैं। तो अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में दो आरआई होंगे। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाला सिस्टम बनने के बाद यहां दो आरआई की वैकेंसी थी लेकिन लंबे समय से यहां पर एक ही आरआई के द्वारा काम चलाया जा रहा था। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम बने हुए लगभग तीन साल का समय होने को जा रहा है, पर अब जाकर जब नए कमिश्नर आए हैं तो एक और आरआई की डिमांड भेजी गई और अब एक नया आरआई और आ गया है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार बेहतर पुलिसिंग और बीट व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नए पुलिस कमिश्नर का अभियान जारी है। इस सिलसिले में गुरुवार को देहात जोन के सभी अधिकारियों से लेकर जमीन की स्तर पर काम करने वाले कर्मचारियों की बैठक की गई थी। जिसमें सीधे पुलिस कमिश्नर द्वारा उनको वर्किंग का पाठ पढ़ाया गया है। पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं




कि यहां लंबे समय से एक ही आरआई के जिम्में पूरा काम होता रहा है। अब दो लोगों के आने से बेहतर व्यवस्था होगी और उसका असर भी देखने को मिलेगा। कार्य का दबाव रहता था, साथ ही कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी रहती थीं, जिससे व्यवस्था ठीक प्रकार से नहीं बन पा रही थी, इसीलिए अधिकारियों द्वारा निर्णय लेते हुए यहां एक और आरआई को पोस्ट कर दिया है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों ने बताया है कि जिस तरीके से इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में निर्माण का कार्य चल रहा है। तो वहीं पुलिस ऑफिस जो राजनगर एक्सटेंशन में बनाया जाना है, उसको लेकर भी फाइलें आगे बढ़ाई जा रही हैं। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों पुलिस मुख्यालय से गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के सभी थानों की खसरा खतौनी भी मांगी गई थी, जो यहां से अब भेजी जा चुकी है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि मई के तीसरे सप्ताह में कुछ और बदलाव देखने को मिलेंगे। जिसमें 18 मई के बाद जहां एसीपी स्तर को लेकर एक शॉर्ट लिस्ट आ सकती है। तो वहीं थाना प्रभारियों को लेकर लिस्ट भी मई में ही आने की प्रबल संभावना है।

# अवैध इमारत पर लिखा- ये बिल्डिंग अवैध

## गढ़ी चौखंडी और बसई में लिया एक्शन, 22 इमारतों को किया चिह्नित

**नोएडा (करंट क्राइम)।** भूमाफियाओं को चिह्नित और अवैध इमारतों पर ये बिल्डिंग अवैध है लिखने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए लाल स्याही का प्रयोग किया जा रहा है। अब गढ़ी चौखंडी और बसई गांव में 22 इमारतों में लाल स्याही से बिल्डिंग अवैध है लिखा गया है। इसमें दुकान, रिहाइशी इमारत और होटल भी शामिल है। प्राधिकरण ने बताया कि अवैध रूप



से लगे वेंडरों को हटा दिया गया है। ये कार्यवाही निरंतर जारी रखी जाएगी। इन सभी इमारतों पर नोटिस भी चस्पा किए गए है। प्राधिकरण ने कहा ये तो ये खुद इमारतों को ध्वस्त कर ले। अन्यथा प्राधिकरण इनको ध्वस्त भी करेगा और खर्चा भी वसूल करेगा। बता दे सीईओ लोकेश एम के निर्देश पर सर्किल-1 से 10 तक सभी वरिष्ठ प्रबंधकों ने अपने क्षेत्र में अवैध इमारतों की लिस्टिंग शुरू की है। एक ज्वाइंट सर्वे किया गया है।

भूमाफियाओं को किया जा रहा चिह्नित सर्वे में उन अधिसूचित भूखंडों का भी किया जा रहा है जिन पर पहले अवैध निर्माण था। उसे तोड़ा गया और अतिक्रमणकर्ता के खिलाफ एफआईआर कराई गई। सर्वे में यदि इन भूखंडों पर अवैध निर्माण पाया गया या निर्माण होता दिखा तो अतिक्रमण कर्ता को भू माफिया की श्रेणी में डाल दिया जाएगा। इसकी एक रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजी जाएगी।

# नगर पालिका में विकास कार्य को लेकर सभासदों ने जिला अधिकारी को दिया शिकायत पत्र




**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी नगर पालिका में विकास कार्य को लेकर विवाद गहरा गया है। गाजियाबाद के लोनी नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्य न होने के चलते लगभग 15 सभासदों ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। सभासदों ने आरोप लगाया है कि उनके वार्ड में विकास कार्य का टेंडर हुआ है, लेकिन इसमें कई अनियमितताएं हैं। उनका आरोप है कि चेयरमैन ने ठेकेदारों के साथ मिलकर भ्रष्टाचार किया है। लोनी नगर पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिस विकास कार्य की शिकायत सभासदों द्वारा जिलाधिकारी को दी गई है, उसका टेंडर अभी खुला ही नहीं है और कोई विकास कार्य शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि ये सभी राजस्व के कार्य हैं, जो 30 अप्रैल को खुलने थे, लेकिन इससे पहले ही शिकायत दबाव बनाने के लिए की गई है। चेयरमैन रंजीता धामा ने टेंडर को न खोलने के आरोप लोनी ईओ पर लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ईओ एक जनप्रतिनिधि के इशारे पर काम कर रहे हैं और इसलिए टेंडर नहीं खोल रहे हैं। चेयरमैन ने चेतावनी दी है कि अगर टेंडर नहीं खोले गए तो वह लोनी की जनता को लेकर धरने पर बैठेंगी। चेयरमैन ने कहा कि बरसात शुरू होने से पहले टेंडर नहीं खुलने से लोनी की जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सड़कों पर पानी भरने से लोगों को दिक्कतें होंगी और विकास कार्य में देरी होगी। इस मामले में जिलाधिकारी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ये राजवीत के विकास कार्य हैं और हम इस मामले में हस्तक्षेप नहीं कर सकते हैं। नगर पालिका के अधिकारी इस मामले का हल निकालेंगे।

# महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने किया स्वागत




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 83 की पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ का भक्तिभाव से आयोजन किया गया। पार्षद कविता प्रवीन भाटी के नेतृत्व में यह आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस दौरान महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का पहली बार आगमन हुआ, जिनका वार्ड 83 के समस्त बूथ अध्यक्षों द्वारा पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। मंच पर उपस्थित अतिथियों में दीपक अग्रवाल, बाबू तेजपाल सिंह, क्षेत्रीय पार्षद कविता प्रवीन भाटी, प्रवीन भाटी अध्यक्ष व्यापार मंडल साहिबाबाद - अशोक गुप्ता (आटे वाले), पंकज भारद्वाज, आलोक शर्मा मण्डल अध्यक्ष शामिल रहे। कार्यक्रम के समापन पर पार्षद कविता प्रवीन भाटी एवं प्रवीन भाटी ने महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को भारतीय जनता पार्टी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। अपने उद्बोधन में मयंक गोयल ने पार्षद कविता प्रवीन भाटी एवं प्रवीन भाटी का विशेष रूप से धन्यवाद किया। इस अवसर पर मुकेश शर्मा, मधुसूदन शर्मा, के.डी. शर्मा, राजपाल कौशिक, मास्टर प्रवीन शर्मा, नरेश चौहान करैहड़ा, सुनील कुमार, सौरभ चौधरी, रामासरे चौधरी, मनोज चौधरी, प्रथम शर्मा, उज्जवल शर्मा, पवन मुरारका, एस.डी. शर्मा आदि मौजूद रहे।

## पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर का किया शुभारंभ




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत विकास परिषद् साहिबाबाद शाखा के द्वारा वार्ड 83 स्थिति इंदिरा कालोनी के प्राथमिक विद्यालय में पांच दिवसीय शिविर का शुभारंभ निगम पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने किया। साहिबाबाद व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं शाखा के सदस्य प्रवीन भाटी, अशोक गुप्ता के साथ कॉलोनी के अन्य लोग भी उपस्थित थे। निगम पार्षद कविता भाटी ने शिविर में उपस्थित बच्चों को उनके मंगल जीवन की शुभकामनाएं दीं तथा उन्हें सदाचार से संबंधित बातें भी बताई। भारत विकास परिषद साहिबाबाद शाखा के सचिव प्रधानाचार्य बृजेश जादौन ने बताया शिविर के प्रथम दिन 120 बच्चों की उपस्थिति रही। सभी छात्र-छात्राओं को पंक्तिबद्ध कर राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम' के साथ शिविर की शुरुआत हुई। तत्पश्चात ईश्वर की वन्दना 'सुबह सबेरे लेकर तेरा नाम प्रभु' की गई। बच्चों ने बहुत ही उत्साह व मधुर वाणी में ईश- वंदना गायी। उसके बाद पांच बार गायत्री मंत्र का उच्चारण करवाया गया। उसके बाद स्वस्थ जीवन जीने के लिए कैसी दिनचर्या अपनायी जाये, को उदाहरणों के साथ समझायी गई। हाथों की साफ-सफाई के महत्व को समझाया गया। तदोपरांत स्कूल के प्रांगण में शारीरिक, मानसिक, कुशाग्र बुद्धि एवं तेजस्वी बनाने की युक्तियां खेल- खेल में सिखायी गई। इस अवसर पर हरीश गर्ग, बृजेश जादौन, शोभा गुप्ता, दिनेश गुप्ता, बीके वर्मा, शैदी, अराधना शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# ट्रंप की टैरिफ नीति से जापानी कार कंपनियों को अरबों का नुकसान, उठा रही हैं ये कदम

**नई दिल्ली ।** इन प्रमुख कंपनियों ने पहले ही चेतावनी दे दी है कि इस साल उनकी वित्तीय स्थिति कमजोर हो सकती है। कुछ कंपनियां तो हालात की अनिश्चितता के चलते वित्तीय अनुमान (गाइडेंस) तक जारी करने से बच रही हैं। ये अस्थिरता कंपनियों को उत्तर अमेरिका में निवेश और उत्पादन के तरीके पर दोबारा सोचने को मजबूर कर रही है। टोयोटा को सबसे बड़ा झटका

दुनिया की सबसे बड़ी कार निमार्ता कंपनी टोयोटा को इस टैरिफ नीति से सबसे ज्यादा नुकसान होने की आशंका है। कंपनी ने बताया कि सिर्फ अप्रैल और मई में ही उन्हें ऑपरेटिंग इनकम में 1.2 अरब डॉलर (करीब 180 अरब येन) का नुकसान हो सकता है। पूरे वित्तीय साल में यह नुकसान 10.7 अरब डॉलर तक जा सकता है, ऐसा ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस का अनुमान है। वहीं, एक विश्लेषक जूली बूटे का मानना है कि यह नुकसान 5.4 से 6.8 अरब डॉलर के बीच रह सकता है। होंडा और निसान भी संकट में होंडा और निसान, दोनों ने लगभग 3 अरब डॉलर के नुकसान की आशंका जताई है। सुबारू, जो अमेरिका में बिकने वाली अपनी आधी गाड़ियां वहीं इम्पोर्ट करती है, उसने भी 2.5 अरब डॉलर के घाटे की भविष्यवाणी करते हुए साल भर की गाइडेंस देना टाल दिया। माजदा ने भी पूरे साल का अनुमान जारी नहीं किया। अमेरिका में 3 अप्रैल से ज्यादातर इम्पोर्टेड गाड़ियों पर 25 प्रतिशत का शुल्क लगाया गया, और 3 मई से ऑटो पार्ट्स पर भी यही टैरिफ लागू हो गया। हालांकि कुछ कार्यकारी आदेशों के तहत डबल टैरिफ से राहत दी गई है, फिर भी इससे कारों की कीमत हजारों डॉलर तक बढ़ जाएगी। अमेरिकी बाजार पर निर्भर जापानी कंपनियां जापान की टॉप कार कंपनियों के लिए अमेरिका सबसे बड़ा बाजार है।



**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए आयात शुल्क (इंपोर्ट टैरिफ) की वजह से जापान की सबसे बड़ी कार कंपनियां टोयोटा, निसान और होंडा को करीब 19 अरब डॉलर से ज्यादा का झटका लगने वाला है। ट्रंप की इस नीति ने पूरी दुनिया की ऑटो इंडस्ट्री को हिला कर रख दिया है।**

# अब आठ जून को लॉन्च होगा एक्सिओम-4, नील आर्मस्ट्रांग की विरासत बढ़ाने को तैयार शुभांशु शुक्ला

**वॉशिंगटन ।** बहुप्रतीक्षित मिशन एक्सिओम-4 मिशन की लॉन्चिंग की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। अब यह मिशन 8 जून को शाम 6:41 बजे फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा। यह ऐतिहासिक उड़ान कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र के उसी प्रक्षेपण परिसर 39 अ से होगी, जहां से नील आर्मस्ट्रांग ने 16 जुलाई, 1969 को अपोलो 11 मिशन के लिए उड़ान भरी थी। एक्सिओम स्पेस और नासा ने एक्स पर एक पोस्ट में इस बात की जानकारी दी। अभी तक इस मिशन को लॉन्च करने की तारीख 29 मई तय की गई थी। इस मिशन में भारत के शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं।

नासा ने इस मिशन की लॉन्चिग की तारीख में बदलाव की जानकारी दी है। नासा ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि स्पेस स्टेशन उड़ान कार्यक्रम की समीक्षा करने के बाद, नासा और उसके सहयोगी कई आगामी मिशनों के लिए लॉन्चिग की तारीखों में बदलाव कर रहे हैं। इसी क्रम में अब एक्सिओम मिशन 4 को 8 जून, रविवार को लॉन्च किया जाएगा। एक्सिओम मिशन अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और भारत की इसरो की एक संयुक्त पहल है। इस मिशन के साथ ही भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला इतिहास रचेंगे। शुभांशु हाल ही में नासा द्वारा घोषित किए गए अंतरिक्ष अभियान एक्सिओम मिशन-4 के लिए फाइनल किए गए चार क्रू मेंबर्स के मुख्य पायलट होंगे। वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बनने का कीर्तिमान रचेंगे। शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट की भूमिका निभाएंगे और तीन अन्य अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्रियों के साथ दो हफ्ते तक आईएसएस पर रुकेंगे। राकेश शर्मा के बाद शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बनेंगे। शुभांशु शुक्ला की ये यात्रा 1984 में राकेश शर्मा की यात्रा के चार दशक बाद हो रही है। 1984 में राकेश शर्मा ने रूस के सोयुज अंतरिक्षयान पर अंतरिक्ष की यात्रा की थी।



# तुर्किये में होने वाली बैठक में नहीं शामिल होंगे पुतिन, यूक्रेन की तरफ से संस्पेस कायम

**मॉस्को ।** रूस-यूक्रेन के बीच में तीन साल से जारी जंग पर विराम लगाने की कोशिशें जारी हैं। इसी क्रम में आज तुर्किये में रूस-यूक्रेन वार्ता होगी। हालांकि रूसी राष्ट्रपति पुतिन इस वार्ता में खुद मौजूद नहीं रहेंगे। उन्होंने वार्ता के लिए रूसी प्रतिनिधिमंडल का एलान भी कर दिया है। रूस-यूक्रेन वार्ता के लिए रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व क्रेमलिन के सहयोगी व्लादिमीर मेडिंस्की करेंगे। गौरतलब है कि संघर्ष विराम की इस पहल की पेशकश रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने खुद की थी। पुतिन द्वारा घोषित रूसी प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों में उप विदेश मंत्री मिखाइल गालुजिन, उप रक्षा मंत्री अलेक्जेंडर फोमिन और इगोर कोस्त्युकोव शामिल होंगे। इतना ही नहीं, पुतिन ने इस शांति वार्ता में सहयोग के लिए विशेषज्ञों के एक समूह को भी नामित किया है। इनमें जनरल स्टाफ के सूचना विभाग के उप प्रमुख अलेक्जेंडर जोरिन, राष्ट्रपति निदेशालय की उप प्रमुख येलेना पोडोब्रेयेव्स्काया, विदेश मंत्रालय में सेकेंड सीआईएस विभाग के निदेशक एलेक्सी पोलिशचुक और रक्षा मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय सैन्य सहयोग निदेशालय के उप प्रमुख विक्टर शेवत्सोव शामिल हैं। क्रेमलिन के सहायक यूरी उशाकोव ने आज होने वाली बैठक की पुष्टि करते हुए जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज यूक्रेन के साथ इस्तांबुल में वार्ता फिर से शुरू होगी। हालांकि अभी यूक्रेन ने इस बात की जानकारी नहीं दी है कि उनकी तरफ से इस वार्ता में कौन-कौन शामिल होगा।



# गाजा में बच्चों की मौत के लिए अमेरिका जिम्मेदार, सीनेट बाधित करने के आरोप में कारोबारी कोहेन हिरासत में

**वॉशिंगटन ।** एंड जेरी के सह संस्थापक और प्रगतिशील कार्यकर्ता और बेन बेन कोहेन को अमेरिकी सीनेट की कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में हिरासत में ले लिया गया है। ये वाकया तब हुआ जब स्वास्थ्य सचिव रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर मेडिकेड में कटौती करने के लिए प्रस्ताव ला रहे थे, उसी दौरान प्रदर्शनकारियों के समूह में शामिल बेन कोहेन ने गाजा में जारी नरसंहार और भुखमरी के शिकार बच्चों के लिए अपना विरोध जताया।

जबकि यहां सांसद निम्न आय वाले परिवारों के लिए स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम का प्रस्ताव रखते हैं। उन्होंने सीनेटरों से आग्रह करते हुए यह भी कहा कि वे इस्राइल पर गाजा में भुखमरी के शिकार बच्चों तक भोजन और रसद पहुंचाने के लिए दबाव डालने की भी अपील की। इसी दौरान, सीनेट में मौजूद सुरक्षा बलों ने कोहेन को रोकते हुए आनन-फानन में उन्हें हथकड़ी पहनाई और सीनेट से बाहर ले गए। हालांकि कुछ देर बाद कोहेन को रिहा कर दिया गया। अपनी रिहाई के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए कोहेन ने गाजा मुद्दे पर अमेरिकी सरकार के कदमों का विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह निंदनीय है कि अमेरिका ने इस्राइल के लिए 20 बिलियन डॉलर को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि अधिकांश अमेरिकी इस बात से नाराज हैं कि उनके पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है। अमेरिका की मान्यताओं के भी खिलाफ कोहेन ने कहा कि हजारों लोगों के नरसंहार को स्वीकार करना और उसमें सहभागी होना, मनुष्य होने के नाते हमारी मूल भावना पर आघात है। साथ ही यह अमेरिका की मान्यताओं के भी खिलाफ है।



**अमेरिकी सीनेट की कार्यवाही के दौरान जब स्वास्थ्य सचिव रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर अपने विभाग के बजट प्रस्ताव की जानकरी दे रहे थे। उसी दौरान कोहेन ने उन्हें रोकते हुए अपना विरोध जताया। कोहेन ने चिल्लाते हुए कहा कि कांग्रेस गाजा में बच्चों को मारने के लिए बम खरीदने के लिए भुगतान करती है**

# यूएन: उभरती प्रौद्योगिकी तक आतंकियों की पहुंच रोकने की तैयारी, संयुक्त राष्ट्र पहुंचा भारत का प्रतिनिधिमंडल

**न्यूयॉर्क ।** भारत सरकार ने उभरती हुई अहम तकनीक तक आतंकवादियों की पहुंच रोकने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। इसी उद्देश्य से भारत सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त राष्ट्र में आतंकवाद रोधी कार्यालय के महासचिव व्लादिमीर वोरोनकोव और आतंकरोधी समिति निदेशालय की उप-सचिव नतालिया घरमन से मुलाकात की।

**आतंकियों की फंडिंग और उभरती प्रौद्योगिकी तक पहुंच सीमित करने की कोशिश :** बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने उभरती प्रौद्योगिकी तक आतंकियों की पहुंच रोकने के उपायों पर चर्चा की। साल 2022 में दिल्ली डिक्लेयरेशन में भी संयुक्त राष्ट्र की आतंकरोधी समिति ने इसे लेकर प्रस्ताव पारित किया था। बैठक के दौरान हुई चर्चा में इस प्रस्ताव के उपायों को भी शामिल किया गया। भारत ने आतंकियों की अनमैन्ड एयरक्राफ्ट सिस्टम तक पहुंच और आतंकी गतिविधियों को आधुनिक वित्तीय तकनीक के जरिए फंडिंग पर गहरी चिंता जाहिर की। साथ ही साइबरसिक्योरिटी, आतंकियों के यात्रा प्रतिबंध, आतंकवाद के पीड़ितों का समर्थन और आतंकी घटनाओं के लिए फंडिंग पर रोक जैसे उपायों पर बात हुई।

**पहलगाम आतंकी हमले के बाद भिड़े भारत और पाकिस्तान :** यह बैठक ऐसे समय हुई, जब भारत के पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ। बैठक में वोलोदिमिर वोरोनकोव और नतालिया घरमन ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की। बीती 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी थी। भारत ने इसका जिम्मेदार पाकिस्तान और पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा को ठहराया। इसके बाद भारत ने 6-7 मई की मध्य रात्रि पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर हमला कर कई आतंकियों को ढेर कर दिया। इसके जवाब में पाकिस्तान ने भारत के कई शहरों को निशाना बनाने की नाकाम कोशिश की, लेकिन भारत के एयर डिफेंस के सामने उसकी एक न चली। भारत ने पाकिस्तान के कई एयरबेस को भी निशाना बनाया। 10 मई को दोनों देशों के बीच संघर्षविराम पर सहमति बन गई।



# संघर्षविराम के लिए पाकिस्तान डरे हुए कुत्ते की तरह दुमदबाकर भागा फिरा था, अमेरिकी अधिकारी का दावा

**वॉशिंगटन ।** भारत के साथ संघर्ष के बाद पाकिस्तानी सेना ने अपने देश की जनता को मुर्ख बनाया और ये दावा किया कि लड़ाई में उनकी जीत हुई है, लेकिन दुनियाभर के रक्षा विशेषज्ञों का साफ कहना है कि भारत ने पाकिस्तान को धूल चटा दी और पाकिस्तानी वायुसेना का भारतीय वायुसेना से कोई मुकाबला ही नहीं था। अब पेंटागन के पूर्व शीर्ष अधिकारी माइकल रुबिन ने भी खुलासा किया है कि भारत ने पाकिस्तान के हमले को भोथरा साबित कर दिया और सैन्य ठिकानों पर हमले के बाद पाकिस्तान इतना घबरा गया था कि डरे हुए कुत्ते की तरह अपनी दुम पैरों में दबाकर संघर्षविराम की मांग कर रहा था।

**भारत कूटनीतिक और सैन्य दोनों तरीकों से विजेता रहा:** न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में माइकल रुबिन ने कहा कि 'पाकिस्तानी सेना इस हकीकत से नहीं बच सकती कि वे बुरी तरह हारे हैं। भारत पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई में कूटनीतिक और सैन्य दोनों तरीकों से विजयी रहा और अब सभी का पूरा फोकस पाकिस्तान के आतंक को बढ़ावा देने पर चला गया है।' माइकल रुबिन ने पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए कहा कि 'पाकिस्तानी सेना के अफसर आतंकियों के जनाजे में शामिल हुए, जो ये दिखाता है कि पाकिस्तानी सशस्त्र बल, आतंकवादी या आईएसआई में कोई अंतर नहीं है। ऐसे में पाकिस्तान पर आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का दबाव बनेगा। भारत के रुख ने पाकिस्तान को भी अचंभित कर दिया है।'

**'पाकिस्तान संघर्षविराम के लिए भागता फिरा था'**

माइकल रुबिन ने कहा कि 'पाकिस्तान ने भारत के साथ हर बार लड़ाई शुरू की और उसे ये भुलावा है कि भारत के खिलाफ लड़ाई में उसकी जीत हो सकती है। पाकिस्तान को ये साबित करने में भी काफी मुश्किल होगी कि चार दिन की हालिया लड़ाई में उसकी जीत हुई है क्योंकि भारत ने सटीक और सुनियोजित तरीके से आतंकी ठिकानों पर हमले किए। पाकिस्तान ने जब जवाबी हमले किए तो भारत ने उसके हर हमले को नाकाम कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान डरे हुए कुत्ते की तरह दुम दबाकर संघर्षविराम के लिए भागता फिरा था।' भविष्य में क्या हो सकता है




# इस्राइल ने दक्षिण गाजा के खान यूनिस शहर पर किया घातक हवाई हमला, 54 लोगों की मौत, कई घायल

**गाजा ।** इस्राइल और हमास के जारी संघर्ष के बीच एक बार फिर इस्राइल ने दक्षिण गाजा के खान यूनिस शहर पर घातक हवाई हमला किया। इस हमले में 54 लोगों की जान चली गई, वहीं इससे ज्यादा कई अन्य घायल हो गए। मामले में जानकारी देते हुए खान यूनिस के नासर अस्पताल के मुर्दाघर ने बताया कि कुल 54 शव अस्पताल लाए गए। इनमें से कई शव टुकड़ों में थे और कुछ बॉडी बैग्स में एक से ज्यादा लोगों के अवशेष थे।

बता दें कि यह लगातार दूसरा दिन है जब गाजा में भारी बमबारी हुई। इससे ठीक एक दिन पहले यानी बुधवार को उत्तरी और दक्षिणी गाजा में हुए हमलों में कम से कम 70 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें लगभग दो दर्जन बच्चे भी शामिल थे। इसमें ध्यान देने वाली बात ये है कि इस्राइल का ये हमला ऐसे समय पर हो रहा है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मिडिल ईस्ट की यात्रा पर हैं। हालांकि वे इस्राइल नहीं जाएंगे ,लेकिन उनकी यात्रा से यह उम्मीद जताई जा रही थी कि शायद कोई संघर्षविराम या मानवीय सहायता की घोषणा हो सकती है।

## मानवाधिकार आयोग ने बताया नरसंहार

इसी बीच इस्राइल के घातक हमले को देखते हुए इंटरनेशनल मानवाधिकार संस्था ह्यूमन राइट्स वॉच ने गुरुवार को कहा कि गाजा को कब्जे में लेने और लोगों को जबरन विस्थापित करने की इस्राइल की योजना नरसंहार के बेहद करीब है। इसके साथ ही संगठन ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस मामले में अपनी चुप्पी तोड़ने की अपील की है। 22 बच्चों की गई थी जान बीते मंगलवार रात और बुधवार सुबह इस्राइल ने उत्तरी गाजा में ताबड़तोड़ हवाई हमले किए थे। इस दौरान कम से कम 22 बच्चे मारे गए। जबलिया में इंडोनेशियाई अस्पताल ने बताया कि हमलों में कुल मिलाकर 70 लोगों की मौत हुई है। हमला अमेरिका की मध्यस्थता में हमास की ओर से एक इस्राइली-अमेरिकी बंधक को रिहा करने के एक दिन बाद हुआ।

गाजा में इस्राइल के बढ़ते हमले को देखते हुए हमास के साथ-साथ कई देश लगातार रूप से युद्ध विराम समझौते की तैयारी में लगे हुए हैं। इसी बीच बीते मंगलवार को इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बयान से ये बात सो साफ हो गई है कि अब गाजा युद्ध विराम की उम्मीदें और धूमिल होती हुई जा रही है। नेतन्याहू ने कहा था कि ऐसा कोई तरीका नहीं है, जिससे इस्राइल गाजा में अपना युद्ध रोक सके। इससे युद्ध विराम की उम्मीदें धूमिल हो गईं।



# पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में खंडित की गई अहमदी समुदाय की करीब 100 कब्रें



**लाहौर ।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में अल्पसंख्यक अहमदी समुदाय की करीब 100 कब्रों के साथ तोड़फोड़ की गई है। इस ताजा घटना के साथ ही अब देशभर में इस साल अहमदी समुदाय की खंडित की गई कब्रों की संख्या 250 से अधिक हो गई है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान के प्रवक्ता आमिर महमूद ने बताया कि कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) पर दो दिन पहले लाहौर से ढाई सौ किलोमीटर दूर खुशाब जिले में अहमदिया समुदाय की कब्रों में तोड़फोड़ करने का शक है। स्थानीय अहमदियों की शिकायत पर खुशाब जिले के मिठा तुवाना थाने ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, धार्मिक कट्टरपंथियों ने खुशाब जिले के रोड़ा में स्थित कब्रिस्तान में लगभग 100 अहमदी कब्रों के पत्थर तोड़ दिए। जब अहमदी समुदाय के कुछ लोग वहां गए, तो उन्होंने देखा कि सभी अहमदी कब्रों को खंडित किया गया था।

# ब्यूटी इनफ्लुएंसर की दिनदहाड़े हत्या, टिकटॉक लाइवस्ट्रीम के दौरान गोली मारकर मौत के घाट उतारा

**मैक्सिको सिटी ।** मैक्सिको में ब्यूटी इन्फ्लुएंसर की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। वारदात को उस वक्त अंजाम दिया गया, जब वह टिकटॉक पर लाइवस्ट्रीम कर रही थीं। इसी दौरान अपराधियों ने गोली मारकर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने बताया कि मध्य मैक्सिकन राज्य जलिस्को में एक ब्यूटी सैलून में टिकटॉक लाइवस्ट्रीम कर रही एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। लैटिन अमेरिकी राष्ट्र में इस समय पहले से ही हड़कंप मचा हुआ है। यहां प्रतिद्वंद्वी कार्टेल मैक्सिको के अधिकांश हिस्सों में क्षेत्रीय नियंत्रण के लिए खूनी युद्ध लड़ रहे हैं।

23 साल की वेलेरिया मार्केज मंगलवार को अपने लाइवस्ट्रीम पर कैमरे के पीछे एक डिलीवरी मैन से बात कर रही थीं, तभी उन्हें एक बार सीने पर और एक बार सिर में गोली लगी। इसके बाद वह गिर गईं और तुरंत उनकी मौत हो गई। मॉडल और ब्यूटी इन्फ्लुएंसर ग्वाडलजारा के बाहरी इलाके जैपोपन की नगर पालिका में एक ब्यूटी सैलून के अंदर थीं, जब यह घटना हुई।

इसके कुछ ही घंटों बाद मैक्सिकन पीआरआई पार्टी के पूर्व कांग्रेसी लुइस आमंडी कॉडोर्वा डियाज की भी इलाके के एक कैफे में गोली मारकर हत्या कर दी गई। राज्य के अधिकारियों ने कहा कि वे मार्केज की मौत की जांच एक महिला की हत्या के रूप में कर रहे हैं। यह लैटिन अमेरिका में लिंग आधारित हिंसा का एक गंभीर मामला है, जहां एक महिला पर उसके लिंग के कारण हमला किया जाता है।



# देश की बहादुर बेटी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान

## कांग्रेस पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, भाजपा मंत्री विजय शाह की गिरफ्तारी की मांग की




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी की बहादुरी को आज जिसे पूरा हिंदुस्तान सलाम कर रहा है। मध्य प्रदेश के मंत्री बीजेपी के विजय शाह द्वारा भारत की वीर बेटी पर अमर्यादित टिप्पणी कर अपमानित करने का दुःसाहस करने वाले मंत्री को मध्य प्रदेश सरकार को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाना चाहिए। आज यह ज्ञापन सदर गाजियाबाद तहसीलदार रवि कुमार सिंह द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को सौंपा गया। विजय शाह को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। पुलिस द्वारा उन्हें तत्काल प्रभाव से अरेस्ट करना चाहिए और अपमानित और असामाजिक शब्दों का प्रयोग किया गया उसके तहत उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। देश की नारी का अपमान कांग्रेस पार्टी एवं देश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। हमारी मांग है कि विजय शाह को प्रमुख धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए। देश की जनता और कांग्रेस पार्टी पूर्णतया मध्य प्रदेश के मंत्री को बर्खास्त कर जेल भेजने की मांग करते हैं। इस मौके पर उपस्थित जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा, प्रदेश महासचिव डॉक्टर संजीव शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी, आसिफ सैफी, यूथ जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, पार्षद आशुतोष गुप्ता, मीडिया प्रभारी तरुण रावत, सेवा दल राजाराम भारती, इमरान कुरेशी, रिहान कुरेशी, दुबे, सुरेंद्र शर्मा, पीसीसी राजेंद्र शर्मा, हाजी लियाकत अली, शाहिद अहमद फरमान अली, मुस्लिम सिद्दीकी महेंद्र गौतम, राजकुमार शर्मा, मोहम्मद फिरदौस रिजवान अहमद, हाजी फिरोज, मोहम्मद इरफान, पंडित देवदास शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, एहसान मेवाती, जगदीश सैनी, राजू अजमेरी आदि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चलती कार में लगी आग, दमकल की गाड़ी ने आग पर पाया काबू, शॉर्ट सर्किट बताई वजह

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा में देररात एक कार में आग लग गई। आग ने मिनटों में ही विकराल रूप ले लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। आग पर करीब 30 मिनट में काबू पा लिया। इस इस दौरान कार में किसी के फंसा नहीं था। चालक पहले ही कूद गया था। क्रेन की मदद से कार को सड़क



किनारे किया गाय। जिसके बाद यातायात को सामान्य किया गया। सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि सदरपुर सेक्टर 45 चौकी के पास नोएडा की ओर एक कार आ रही थी। जिसका नंबर डीएल 2 सी बीबी 9827 मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर पेट्रोल वर्जन थी। आग कार के बोनट में लगी। जिसके बाद तेजी से आग फैल गई। धुंआ उठता देख चालक गेट खोलकर वहीं कूद गया। वहां मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी गई। मौके पर दमकल की एक गाड़ी पहुंची। आग पर काबू पाया गया। प्राथमिक जांच में सामने आया कि आग शॉट सर्किट की वजह से लगी। गर्मी बढ़ने के साथ आग लगने की घटनाएं बढ़ रही है।

# सपा महिला विंग ने राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन

## सपा महिला सभा ने भाजपा मंत्री की बर्खास्तगी और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग रखी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मध्य प्रदेश भाजपा सरकार के एक मंत्री विजय शाह का सैन्य महिला अधिकारी सोफिया कुरैशी पर किया गया अति निंदनीय बयान केवल एक उच्च सैन्य महिला अधिकारी ही नहीं बल्कि देश की हर नारी और सेना का अपमान है। ये महानुभाव सदैव से भाजपाई और उनके संगी-साथियों की नारी विरोधी सोच के मुखपत्र रहे हैं। कुछ वर्षों पहले इन्होंने ही देश की एक प्रतिष्ठित अभिनेत्री के कार्य में बाधा डाली थी। भाजपा की नारी शक्ति वंदन अभियान जैसी झूठी घोषणाओं का सच ऐसे लोगों के कुविचार खोल देते हैं।

ऐसे लोग मंत्री तो क्या किसी गली-मोहल्ले तक के भी जन प्रतिनिधि नहीं बनने चाहिए। सपा ने महामहिम से आग्रह किया कि भारत देश की नारी शक्ति की भावनाओं का सम्मान करते हुए उक्त मंत्री को मंत्री मंडल से बर्खास्त करते हुए उन पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। उन्होंने आगे लिखा कि यह ज्ञापन किरण कालिया महानगर अध्यक्ष समाजवादी महिला सभा गाजियाबाद, दुर्गेश चौधरी जिला अध्यक्ष समाजवादी महिला सभा गाजियाबाद के माध्यम से दिया गया जिस पर मुख्य रूप से राज देवी चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी महिला सभा, पूर्व सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश, मधु चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी महिला सभा उपस्थित रहे।

# जल बिन सब सून : वार्ड 95 की पानी की समस्या के लिए जिलाधिकारी को सौंपा शिकायती ज्ञापन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी दीपक मीणा के कार्यालय पर वार्ड संख्या 95 की पार्षद रुकसाना सैफी एवं पूर्व पार्षद मौ०जाकिर अली सैफी के नेतृत्व में क्षेत्र की सम्मानित जनता के साथ पानी की गंभीर समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। ज्ञापन में जिलाधिकारी से निवेदन किया गया कि नगर निगम गाजियाबाद के अधिकारियों द्वारा जानबूझकर वार्ड संख्या 95 के फेल खराब नलकूपों को रिबोर कर ठीक नहीं कराया जा रहा है।

फेल व खराब नलकूपों में गली नंबर 14 नौशाद के घर के पास, कल्लू के घर के पास, लालटेन फैक्ट्री कालू कुरैशी वाली गली, गली नंबर 5 वसीम के घर के पास 05 एचीपी के कुल 04 नलकूप व डॉ एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित सरकारी स्कूल के बाहर, सुन्नी मोहम्मदी मस्जिद वाली गली, मुस्लिम फंड बैंक के पास, शहीद अशफाक उल्ला खान चौक 10 एचपी के कुल 4 नलकूप एवं पीएसी 30 एचपी नलकूप फेल होकर खराब हो गए हैं जिनको बार-बार अनुरोध करने के बाद भी निगम अधिकारियों द्वारा जानबूझकर रिबोर नहीं किया जा रहा है और रवि के घर के पास एक 10 एचपी नलकूप का सामान निकाल कर निगम ठेकेदार के आदमी ले गए हैं जिसको डालकर चालू नहीं कराया जा रहा है। बार-बार अलग-अलग समय पर निगम के अधिकारियों के खिलाफ जनहित के कार्य ना करने की, जनहित की समस्याओं का समाधान ना करने की, निगम अधिकारियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार घोटालों आदि की शिकायत शासन प्रशासन से की जाती रहती है जिस कारण निगम के अधिकारी जानबूझकर वार्ड संख्या 95 के नलकूपों को रिबोर व ठीक नहीं कर जनहित की समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे हैं इस सब के कारण क्षेत्र की जनता पीने के पानी के लिए काफी ज्यादा परेशान रहती है। उल्लेखनीय यह है कि नगर निगम गाजियाबाद के अधिकारी गा० विकास प्राधिकरण द्वारा घोषित अवैध कॉलोनियों में अवैध कॉलोनी को काटने वाले कॉलोनाइजरों से सांठ-गांठ कर 15वें वित्त एवं अन्य निधियों से कार्य करा रहे हैं लेकिन नगर निगम के अधिकारी वार्ड संख्या 95 में जानबूझकर कार्य नहीं करा रहे हैं। जिलाधिकारी दीपक मीणा से अनुरोध किया गया कि वार्ड संख्या 95 के उपरोक्त लिखित नलकूपों को रिबोर कराने के आदेश सम्बन्धित अधिकारियों को देने की कृपा करें।

वार्ड 95 की पार्षद ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सुनवाई नहीं की गई तो क्षेत्र की जनहित की समस्याओं के समाधान होने तक जन आन्दोलन करने के लिए बाध्य हूँ और इसकी जिम्मेदारी नगर निगम गाजियाबाद के अधिकारियों की होगी।

# किसान संघर्ष समिति ने महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** किसान संघर्ष समिति वेब सिटी ने बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की बनाई पुण्य तिथि मनाई। किसानों ने कहा कि बाबा महेंद्र सिंह टिकैत सदैव हमारे दिल में रहेंगे। इस मौके पर अनुज चौधरी ने कहा कि किसानों के मसीहा थे बाबा महेंद्र सिंह टिकैत। अगर आज वह हमारे बीच में होते तो हो सकता था कि वेव सिटी से हमें इंसाफ मिल गया होता और किसानों को धरने पर ना बैठना पड़ता। हम बाबा महेंद्र सिंह टिकैत को कभी भुला नहीं सकते और उनकी पुण्यतिथि पर हम समस्त किसान यह शपथ लेते हैं कि यहां से एक-एक किसान जब जाएगा जब किसानों का और भूमिहीनों का अधिकार पूर्ण रूप से मिल जाएगा। इस मौके पर अमित चौधरी ने कहा कि हम किसानों से पहले अपने क्षेत्र के भूमिहीनों को उनका अधिकार दिलाने का काम करेंगे, पीछे ना हटे थे और ना हटेंगे। सतीश त्यागी ने कहा बाबा महेंद्र सिंह टिकट सदैव हमारे दिल में रहेंगे। इस मौके पर उपस्थित रहे क्षेत्र के किसान और काफी संख्या में महिला और भूमिहीन। इस मौके पर रहे फौजी दुरई गुड्डू, मुखिया प्रमोद चौधरी, गुरुजी, कोमल, चौधरी राजा, चौधरी देवेंद्र शर्मा, संजय चौधरी, राजेंद्र चौधरी और काफी संख्या में किसान और महिला उपस्थित रहीं।

# जिला वृक्षारोपण समिति की मासिक बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला वृक्षारोपण समिति की मासिक बैठक दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन, गाजियाबाद में मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। उक्त बैठक में प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, गाजियाबाद, उप प्रभागीय वनाधिकारी, गाजियाबाद तथा समिति के नामित एवं पदेन सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग गाजियाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि सुशांत शर्मा, सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन उ०प्र० विभाग को मेरठ मंडल हेतु नोडल अधिकारी नामित किया गया है जिनका निरीक्षण कार्यक्रम जनपद गाजियाबाद में प्रस्तावित है जिस हेतु जनपद गाजियाबाद के समस्त विभागों को चैकलिस्ट के अनुसार वर्ष 2024-25 से कराये गये वृक्षारोपण स्थलों का स्वयं निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु कहा गया। उक्त के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा समस्त विभागों को निर्देशित किया गया कि चैकलिस्ट के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करें तथा समस्त विभाग अपने-अपने स्तर से वर्ष 2024-25 में कराये गये वृक्षारोपण की गणना पंजिका संधारित करना सुनिश्चित करें साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि जिन-जिन विभागों की भूमि चिन्हांकन, गड्ढा खुदान एवं कार्ययोजना की सूचना अभी तक उपलब्ध नहीं करायी गयी है वह 3 दिवस के अन्दर प्रभागीय कार्यालय गाजियाबाद को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।



**प्रगन्या कौशिक**

**स्कूल:-डीपीएसजी**

**95 प्रतिशत**

**कक्षा -12**

# बेरिकेड पर मारी लात 40 हजार का चालान

## पुलिस ने युवक को किया अरेस्ट, मुकदमा लिखकर बाइक की जब्त

**नोएडा (करंट क्राइम)।** बाइक सवार युवक को टशन दिखाना भारी पड़ गया। ट्रैफिक पुलिस ने बाइक का 40 हजार 500 रुपए का चालान किया है। बाइक के पीछे नंबर प्लेट नहीं है उस पर गुर्जर लिखा है। ये वीडियो मैक्स अस्पताल के पास का बताया जा रहा है। पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया है साथ ही युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला थाना सेक्टर-126 का है। दरअसल एक 23 सेंकेंड का वीडियो वायरल हुआ है। इसमें बाइक सावार एक पास में खड़ा एक अन्य युवक इसका वीडियो बनाता है। इसकी रील बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड किया गया। जिसे वायरल किया गया। ये वीडियो अब वायरल हो रहा है। जिस बाइक से युवक आया था। उसकी नंबर प्लेट पर गुर्जर लिखा है। साथ ही दूध की कैन लटकी हुई है। न तो हैल्मेट पहले और न ही ट्रैफिक नियम का पालन कर रहा है। ट्रैफिक पुलिस ने बाइक का 40 हजार 500 रुपए का चालान किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।




युवक ट्रैफिक पुलिस के बेरिकेड पर तीन बार लात मारता है। बेरिकेड को खिसकाता है और बाइक पर बैठक कर चला जाता है।

### मेडिकल स्टोर पर दवा लेने गई महिला से दुष्कर्म



**मुरादनगर (करंट क्राइम)** । एक मेडिकल स्टोर संचालक ने महिला से दुष्कर्म का जघन्य अपराध किया। आरोपी ने पहले महिला को नशीला इंजेक्शन दिया और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 11 मई की है। जलालपुर रोड स्थित मेडिकल स्टोर पर एक महिला 28 अप्रैल को दवाई लेने गई थी। दवाई उपलब्ध न होने पर स्टोर संचालक ने महिला का मोबाइल नंबर ले लिया। उसने दवाई आने पर सूचित करने का वादा किया। 11 मई को स्टोर संचालक ने महिला को दवाई आने की जानकारी दी। मेडिकल स्टोर पहुंचने पर संचालक ने महिला को कमजोर बताते हुए इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन के बाद महिला की हालत बिगड़ गई। इसी दौरान आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बसंतपुर सैतली गांव के रहने वाले आरोपी रिंकू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सुबह-शाम राधे जी का नाम लेने वाले मेंबर त्यागी जी ने दे दिया है ये पैगाम? अगर, कोई सांसद और विधायकों से लगवाएगा काम की सिफारिश, इस सिफारिश पर मैं नहीं दूंगा ध्यान? छह महीने लेट कर दूंगा सिफारिश वालों के काम? मेंबर ने जनता में स्पष्ट संदेश देकर कहा- जो मेरे पास आएगा डायरेक्टर, तुरंत होगा उनकी समस्या का समाधान? मेरे अंगने में आखिर बाहर वालों का क्या काम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इस बार येड़ा बनकर डेढ़ा भैया किसी को नहीं खाने देंगे पेड़ा? सुना है, उन्होंने गुरुजी के साथ लखनऊ में बड़े चेहरों से करनी शुरू कर दी है मुलाकात? ताकि खूब रोशन होये उनकी राजनीति का सवेरा? कुछ ऐसी ही मुलाकात गुरुजी के साथ करके जब वो आ रहे थे डिप्टी सीएम के आवास से बाहर? राह में उनकी हो गई भगवा योद्धा से मुलाकात? इस बारे में तो उन्होंने सोचा ही नहीं था यार? कहने वाले ने कहा- यहां मेन वाले हों या फ्रंट वाले अध्यक्ष, सबके खुले हैं बड़े नेताओं के द्वार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें समझ नहीं आ रहा है अमित भैया के शब्दों का प्रताप? कुछ दिन पहले बरस रहे थे उनकी जुबान से फूल? मगर, ना जाने का क्यों अब निकल रहे हैं शूल? लगता है उनके सम्मान में कोई चेहरा कर बैठा है भूल? गैर अनुभवी सलाहकार, घंटों की बात, कौन है ज्ञानी बाबा? ना जाने इन शब्दों का इस्तेमाल करके वो अपने प्रताप से दे रहे हैं संगठन के किस बड़े चेहरे को आघात?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब भी संगठन में होते हैं परिवर्तन, तब किसी ना किसी का दर्द निकलकर आता है बाहर? सुना है, कुछ ऐसी ही दुआ नदिया पार के कुछ चेहरे नहीं कर पा रहे हैं स्वीकार? कह रहे हैं जिन्होंने नहीं किया पांच साल काम, उनका रखने वाले ने ना जाने क्यों रखा है ध्यान? हमारे दर्द को भले ही वर्तमान वाले नहीं समझे, मगर पूरे मान से जरूर हमारे शब्दों को समझ गए होंगे एक श्रीमान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** संगठन में परिवर्तन के बाद अपने दायित्वों पर फिर से रिटर्न हो रहे हैं कई फेस? पूनम कौशिक का फिर से रिटर्न होना इस बात का है संदेश? पता चला है मामला यहीं नहीं रुका है यार? सुना है भगवा मास्टर को भी आने लगे हैं अब लखनऊ से फोन? उन्हें याद दिलायाजा रहा है मीडिया प्रभारी वाला किरदार? योगी जी की मीटिंग का भी आया था उनको निमंत्रण? क्या भगवा योद्धा ने पुराने चेहरों को फिर से रिटर्न करने का बीड़ा तो नहीं उठा लिया है यार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जबसे हुई है मैडम कौशिक की मोर्चा वाले अध्यक्ष पद पर वापसी? तब से सुनाई दे रहे हैं हर जगह से तरह-तरह के संदेश? कहने वाले कह रहे हैं कि मैडम त्यागी खुद ही गई थीं प्रस्ताव लेकर भगवा योद्धा के पास? कहा था, अब ये वाली जिम्मेदारी नहीं निभाना चाहता है मेरा फेस? दिया था यहां पर कुछ उन्होंने व्यक्तिगत जिम्मेदारियों का हवाला? योद्धा भी चाहते थे वो अपने पद पर बनीं रहे, क्योंकि जब तक वो पद पर थीं उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी से था संभाला?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अचानक ही बंद हो गए हैं दिखने भगवा क...क...क...क... करण भैया के दीदार? साथ ही नजर नहीं आ रहे हैं वो कुंडलधारी, जिन्हें कहा जाता है उनका यार? लग रहा है मोहल्ले वाले ऑफिस से उनको पहले की तरह नहीं मिल रहा है प्यार? शुरू-शुरू में करते दिखो थे वो विज्ञप्तियां जारी, मगर अब ये भी खत्म सी दिख रही है उनकी पारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमने देखा कि हकीकत में हैवीवेट वाले अपनी टी-सीरीज से करते हैं बहुत ज्यादा प्यार? हमारी ये बात तब और पुख्ता हुई जब मंत्री जी की गाड़ी में टी-सीरीज के मिस्टर भाटी और मिस्टर सौलंकी के हुए उनके साथ दीदार? कहने वाले ने कहा- यूं ही नहीं कोई अपनी गाड़ी में करता है किसी को सवार? वैसे भी जो बैठे थे हैवीवेट वालों के साथ गाड़ी में, वो दोनों मेंबर हैं काफी होनहार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा योद्धा अक्सर अपने फैसलों से दे रहे हैं सरप्राइज? हमने देखा, जिन रेड फेस मैन को ज्यादा मौके नहीं मिल रहे थे, उनके साथ खत्म हो गई आइस-पाइस? सुना है उनको दे दी गई है शौर्य तिरंगा यात्रा को लेकर शहर विधानसभा संयोजक वाली जिम्मेदारी? हमें समझ नहीं आ रहा अचानक मिस्टर यादव का मामला कैसे कर दिया है उन्होंने भारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपको एक बात बता रहा हूं, उसको हल्के में मत करना स्वीकार? जनरली साहब भले ही दूर चले गए हों, मगर केडी भैया उनके अलावा भी अपनी जमीन को मजबूत कर रहे हैं यार? कहने वाले ने कहा- वो क्षेत्र से लेकर प्रदेश तक कर चुके हैं कई चेहरों से मुलाकात? कराने वाले पूरी शिद्दत से करा रहे हैं उनकी आलाकमान वालों से बात? कहने वाले ने कहा- अभी तो शुरूआत हुई है, अभी तो और भी लंबे होंगे उनके हाथ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने अपने पिता को याद करते हुए उनके सम्मान में कुछ लाइन समर्पित की 'उन्होंने लिखा कि छोटे से घर में भी बड़ा दिल रखते थे। मेरी हर जरूरत को खुद से पहले रखते थे। पिता के सम्मान में इन शब्दों को लिखते हुए लोनी विधायक ने अपनी भावनाओं को फेसबुक पर अपनी पोस्ट के जरिए साझा किया ' यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।